रोहतक

रविवार, 29 जून, 2025

आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष, चतुर्थी वर्ष : 29, अंक : 149

पृष्ठ 14 मूल्य 3 .00

मौसम

अधि. 40.4

न्यून. 20.9

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


स्पेस मिशन पर गए शुभांशु से पीएम ने की बात




## शुभांशु बोले, अंतरिक्ष से बहुत भव्य दिखता है भारत

*पीएम ने पूछा- आप स्पेस में गाजर का हलवा लेकर गए थे, अपने साथियों को खिलाया क्या*

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को एक्सियम मिशन 4 पर गए भारतीय एस्ट्रोनॉट शुभांशु शुक्ला से वीडियो कॉल पर बातचीत की। इस दौरान आईएसएस पर भारत माता की जय का नारा गूंज उठा। पीएम ऑफिस ने शनिवार शाम 5.49 बजे इस बातचीत का वीडियो जारी किया। दोनों के बीच 18 मिनट 25 सेकेंड बातचीत हुई। शुभांशु ने प्रधानमंत्री मोदी से कहा- अंतरिक्ष से भारत बहुत भव्य दिखता है। हम दिन में 16 सूर्योदय और 16 सूर्यास्त देखते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने शुभांशु शुक्ला से पूछा कि आप गाजर का हलवा लेकर इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन गए हैं। क्या आपने अपने साथियों को खिलाया। इस पर शुभांशु ने कहा कि हां साथियों के साथ बैठकर खाया। भारतीय वायु सेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु दो दिन पहले 26 जून को इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पहुंचे हैं। वे 41 साल बाद स्पेस में जाने वाले भारतीय हैं। वे एक्सियम मिशन 4 के तहत 25 जून को दोपहर करीब 12 बजे सभी एस्ट्रोनॉट के साथ आईएसएस के लिए रवाना हुए थे।

■ दोनों के बीच 18 मिनट 25 सेकंड बातचीत हुई

---

### पूर्व विधायक धर्म सिंह छोक्कर से जुड़ी कंपनियों पर कार्रवाई

# माहिरा बिल्डटेक और जार बिल्डवेल कंपनियों की 557 करोड़ की संपत्ति कुर्क

ग्राहकों से धोखाधड़ी और जालसाजी से जुड़ा मामला

■ 3700 खरीदारों से 616 करोड़ रुपये वसूले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरुग्राम

धोखाधड़ी और जालसाजी के एक बड़े रियल एस्टेट मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की गुरुग्राम ब्रांच ने माहिरा बिल्डटेक और जार बिल्डवेल कंपनी की करीब 557.43 करोड़ रुपये की संपत्ति अस्थायी रूप से कुर्क करने की कार्रवाई की है। माहिरा कंपनी समालखा के पूर्व कांग्रेस विधायक धर्म सिंह छोक्कर के परिवार की हैं। ईडी ने पूर्व विधायक को दिल्ली के एक होटल से गत मई महीने में गिरफ्तार किया था और गत सप्ताह ही उन्हें जमानत मिली है। यह कुर्की मनी लॉन्ड्रिंग निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के तहत माहिरा इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में मेसर्स साईं आइना फार्म्स प्राइवेट लिमिटेड), मेसर्स माहिरा बिल्डटेक प्राइवेट लिमिटेड और मेसर्स जार बिल्डवेल प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ की गई है, जिनका संबंध पूर्व विधायक धर्म सिंह छोक्कर की कंपनियों से जुड़ी हैं।



### सात अचल संपत्तियां भी शामिल

ईडी द्वारा कुर्क की गई संपत्तियों में गुरुग्राम के सेक्टर 68, 63ए, 103, 104, 92, 88बी और 95 में स्थित लगभग 35 एकड़ की सात अचल संपत्तियां (आवासीय और वाणिज्यिक भूमि) शामिल हैं। इसके अलावा, इन कंपनियों से जुड़ी लगभग 97 लाख रुपए की सावधि जमा रसीदें (एफडीआर) भी कुर्क की गई हैं। ईडी की जांच गुरुग्राम पुलिस द्वारा दर्ज कई प्राथमिकियों पर आधारित है, जिसमें आरोप है कि इन कंपनियों ने फर्जी दस्तावेज और नकली बैंक गारंटी के कागजात लगाकर किफायती आवास परियोजनाओं के लिए लाइसेंस हासिल किए थे।



इन कंपनियों ने 3700 से अधिक होम बायर्स से 616 करोड़ रुपये से अधिक की राशि एकत्र की, लेकिन वादा किए गए घरों को डिलीवर करने में विफल रहीं।

### छोक्कर को मई में गिरफ्तार किया, अभी जमानत पर

यह कार्रवाई फरवरी 2024 और मार्च 2025 में की गई 81.07 करोड़ रुपए की पिछली कुर्की के बाद तीसरी बार की गई है। इस मामले में मुख्य आरोपियों में माहिरा ग्रुप के प्रमोटर सिकंदर सिंह, पूर्व विधायक धर्म सिंह छोक्कर और विकास छोक्कर शामिल हैं। सिकंदर सिंह को अप्रैल 2024 में गिरफ्तार किया गया था, जबकि छह गैर-जमानती वारंट से बचने वाले धर्म सिंह छोक्कर को मई 2025 में गिरफ्तार किया गया था। उन्हें हाल ही में जमानत पर रिहा किया गया है। विकास छोक्कर अभी भी फरार है और उनके खिलाफ गुरुग्राम की विशेष अदालत द्वारा उद्घोषणा जारी की गई है, जहां मामला विचाराधीन है।

---




---

### खबर संक्षेप

#### प्रदेश में भूकंप का हल्का झटका, महेंद्रगढ़ केंद्र

**चरखी दादरी।** हरियाणा के महेंद्रगढ़ जिले में शुक्रवार शाम को भूकंप के झटके महसूस किए गए। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के मुताबिक, भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 2.8 मापी गई। भूकंप से किसी जान माल के नुकसान की खबर नहीं है। भूकंप शाम करीब 7 बजकर 33 मिनट पर आया, जिसकी गहराई 5 किलोमीटर थी। इससे पहले 25 दिसंबर 2024 की दोपहर 12 बजकर 28 मिनट 31 सेकेंड पर भूकंप आया था।

#### राज्य, केंद्र शासित प्रदेशों के सहकारिता मंत्रियों की बैठक करेगा केंद्र

**नई दिल्ली (भाषा)।** केंद्र देश में सहकारिता क्षेत्र को मजबूत करने पर चर्चा के लिए 30 जून को सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के सहकारिता मंत्रियों की बैठक करेगा। केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह 'मंथन बैठक' की अध्यक्षता करेंगे। बैठक में सरकार की सभी प्रमुख पहलों पर चर्चा होगी, जिसमें अंतिम छोर तक ग्रामीण सेवा वितरण को मजबूत करने के लिए दो लाख नई बहुउद्देश्यीय प्राथमिक कृषि ऋण समितियों, डेयरी और मत्स्य पालन सहकारी समितियों की स्थापना शामिल है। सहकारी क्षेत्र में दुनिया की सबसे बड़ी अनाज भंडारण योजना पर विचार-विमर्श भी होगा। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि बैठक प्रगति की समीक्षा करने, विचारों का आदान-प्रदान करने और देश में सहकारी क्षेत्र को मजबूत करने के लिए एक मंच के रूप में काम करेगी।

---

*गांव खेड़ी साध में एक साथ जली चार चिताएं*

## मेहंदीपुर जा रहे मां, बेटा-बेटी और एक अन्य की सड़क हादसे में मौत

**रोहतक (हरिभूमि न्यूज)।** गांव खेड़ीसाध के एक ही परिवार के तीन व एक अन्य सहित चार लोगों की राजस्थान में सड़क हादसे में मौत हो गई। परिवार 27 जून की शाम मेहंदीपुर बालाजी के दर्शन के लिए निकला था। उनकी कार जयपुर-आगरा हाईवे पर खड़े कैंटर में घुस गई। इस कैंटर को आरटीओ ने चेकिंग के लिए रोका था। रफ्तार तेज होने की वजह से कैंटर से टकराते ही कार के परखच्चे उड़ गए। हादसे में कार सवार मां, बेटा-बेटी और दादी की मौके पर ही मौत हो गई। करीब आधे घंटे तक चारों शव कार में ही फंसे रहे। पुलिस ने कड़ी मशक्कत से उन्हें बाहर निकाला और परिजनों को सूचना दी। यह परिवार 27 जून की शाम मेहंदीपुर बालाजी के दर्शन के लिए निकला था। इनके साथ दो गाड़ियां और थी, जिनमें करीब 12 लोग थे। वे लोग मेहंदीपुर बालाजी पहुंच गए थे, जबकि ये परिवार रास्ता भटकने की वजह से पहुंच नहीं पाया था और हादसे का शिकार हो गया। पुलिस के मुताबिक मरने वालों में खेड़ी साध गांव की प्रमिला देवी (40), उनका बेटा दीपांशु (20), बेटी साक्षी (16) और राजबाला (60) शामिल हैं। राजबाला रिश्ते में दीपांशु की दादी लगती थीं।

**दुखद हादसा**

जयपुर-आगरा हाइवे पर खड़े कैंटर में घुसी कार, तेज रफ्तार के कारण उड़े परखच्चे

■

आधे घंटे की मशक्कत के बाद शव कार से बाहर निकले

---

## कोलकाता गैंगरेप : जांच के लिए पांच सदस्यीय एसआईटी गठित, अब तक 4 आरोपित गिरफ्तार

**कोलकाता (भाषा)।** कोलकाता पुलिस ने शहर के एक विधि कॉलेज में छात्रा के साथ उसके वरिष्ठों द्वारा कथित सामूहिक बलात्कार की जांच के लिए शनिवार को पांच सदस्यीय विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया। उन्होंने बताया कि पांच सदस्यीय एसआईटी का नेतृत्व सहायक आयुक्त स्तर के एक अधिकारी करेंगे। अधिकारी ने कहा, "कथित अपराध की जांच के लिए एक एसआईटी गठित की गई है। यह तुरंत अपनी जांच शुरू करेगी।" दक्षिण कलकत्ता विधि महाविद्यालय की 24 वर्षीय छात्रा के साथ 25 जून को गार्ड रूम में संस्थान के एक पूर्व छात्र सहित तीन लोगों ने कथित तौर पर बलात्कार किया। उसकी शिकायत के बाद पुलिस ने मुख्य आरोपी मनोजीत मिश्रा, प्रोमित मुखर्जी और जैद अहमद को गिरफ्तार कर लिया। शनिवार सुबह कॉलेज के गार्ड को भी गिरफ्तार कर लिया गया।

---

### सेवानिवृत्त मुख्य सचिव संजीव कौशल होंगे अध्यक्ष

## हरियाणा सरकार ने सातवें राज्य वित्त आयोग का किया गठन

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** हरियाणा सरकार ने राज्य, पंचायती राज संस्थाओं (पीआरआई) और शहरी स्थानीय निकायों के बीच वित्तीय संसाधनों के वितरण की समीक्षा और सिफारिश करने के लिए सातवें राज्य वित्त आयोग का गठन किया है। हरियाणा के पूर्व मुख्य सचिव संजीव कौशल को आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है, जबकि आईएएस अधिकारी अंशज सिंह इसके सदस्य सचिव होंगे। अन्य सदस्यों की नियुक्ति बाद में की जाएगी। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी द्वारा इस संबंध में अधिसूचना जारी की गई है। आयोग राज्य सरकार और जिला परिषदों, पंचायत समितियों तथा ग्राम पंचायतों के बीच करों, शुल्कों, उपकरों और टैक्सों की शुद्ध आय के वितरण के लिए सिद्धांतों की सिफारिश करेगा। साथ ही, यह भी बताएगा कि किन करों और शुल्कों को पंचायती राज संस्थाओं को सौंपा या उनके द्वारा संग्रहित किया जा सकता है। इसके अलावा, आयोग राज्य के कंसोलिडेटेड फंड से पीआरआई को दिए जाने वाले अनुदानों और उनकी वित्तीय स्थिति को सुधारने के उपायों पर भी सिफारिश करेगा। इसी तरह, आयोग शहरी स्थानीय निकायों के बारे में भी सुझाव देगा, जिसमें नगरपालिकाओं और राज्य सरकार के बीच करों और शुल्कों का वितरण, नगरपालिकाओं को सौंपे जाने योग्य करों की पहचान करना शामिल है।



पंचायती राज संस्थाओं और शहरी स्थानीय निकायों के बीच वित्तीय संसाधनों के वितरण की करेगा समीक्षा

---

### 'ऑपरेशन सिंदूर' में निभाई थी अहम भूमिका

## आईपीएस अधिकारी पराग जैन होंगे रॉ के नए प्रमुख

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्र ने पंजाब कैडर के 1989 बैच के आईपीएस अधिकारी पराग जैन को रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ) का नया प्रमुख नियुक्त किया है। वे रवि सिन्हा की जगह लेंगे। रवि सिन्हा का मौजूदा कार्यकाल 30 जून को समाप्त हो रहा है। पराग जैन का कार्यकाल दो साल होगा। वे 1 जुलाई 2025 तक के निश्चित कार्यकाल के लिए यह पदभार ग्रहण करेंगे।

पराग जैन वर्तमान में एविएशन रिसर्च सेंटर का नेतृत्व कर रहे हैं, जिसने 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान पाकिस्तानी सशस्त्र बलों और आतंकी शिविरों के ठिकानों के बारे में खुफिया जानकारी एकत्र करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। खुफिया हलकों में 'सुपर जासूस' के तौर पर जाने जाने वाले पराग जैन मानव खुफिया को तकनीकी खुफिया के साथ प्रभावी ढंग से संयोजित करने के लिए जाने जाते हैं। अधिकारियों का कहना है कि यह खासियत कई अहम ऑपरेशनों में अहम रही है। पंजाब में जब आतंकवादियों ने दहशत मचा रखी थी, पराग जैन ने तब बठिंडा, मानसा, होशियारपुर में ऑपरेशनल भूमिका निभाई। इससे पहले वे चंडीगढ़ के एसएसपी और लुधियाना के डीआईजी रह चुके हैं। उन्होंने रॉ में पाकिस्तान डेस्क संभाली है।



पराग जैन का कार्यकाल दो साल होगा,1 जुलाई को संभालेंगे पदभार रवि सिन्हा की जगह लेंगे

---

### मोतिहारी की विभा पहली ई वोटर बनी, असमर्थ लोग आसानी से कर पाएंगे मतदान

## देश में पहली बार मोबाइल एप से वोटिंग, बिहार की 42 नगरपालिका के चुनाव में हुआ मतदान

एजेंसी ▶▶| पटना

देश में पहली बार मोबाइल एप से वोटिंग हुई। शनिवार को बिहार के 26 जिलों की 42 नगर पालिकाओं के उपचुनाव हुए। कुल 62.41 फीसदी वोटिंग हुई। इसमें छह नगर पालिकाओं में पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर ई-वोटिंग हुई। ई वोटिंग, बूथ वोटिंग से 16 फीसदी अधिक दर्ज हुई। ई वोटिंग का प्रतिशत 70.20 रहा। वहीं बूथ वोटिंग 54 फीसदी दर्ज की गई है। यह प्रोजेक्ट वोटिंग सेंटर्स तक पहुंचने में असमर्थ लोगों को आसानी से वोटिंग कराने के लिए किया गया है। वोटिंग के लिए दो एप लॉन्च किए गए। यह सुविधा लेने के लिए पहले से रजिस्ट्रेशन कराना था। चुनाव आयोग के अनुसार ई-वोटिंग के लिए 50 हजार से ज्यादा लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया था। सुबह 7 बजे से दोपहर 1 बजे तक ई-वोटिंग हुई। दुबई, कतर जैसे देशों में रह रहे प्रवासी लोगों ने भी एप के जरिए वोटिंग की। मोतिहारी की विभा ने एप से पहला वोट डाला, जिससे वह देश की पहली ई-वोटर बन गई हैं।



### पहले रजिस्ट्रेशन करवाना होगा



#### दुबई, कतर से भी मतदान

बुजुर्ग, दिव्यांग, असाध्य रोग से पीड़ित या प्रवासी मतदाता ई वोटिंग कर सकते हैं। इसके लिए 22 जून तक रजिस्ट्रेशन कराने का अंतिम तारीख थी। जिन्होंने रजिस्ट्रेशन किया है सिर्फ वहीं मतदान कर सकते है। दुबई, कतर जैसे देशों में रह रहे प्रवासी बिहारियों ने भी मतदान किया है।

#### 6 नगर निकाय की 136 सीटों के लिए वोटिंग

बिहार में शनिवार को 6 नगर निकाय की 136 सीटों के लिए वोटिंग हो रही है। इसमें 3 नगर निकायों का कार्यकाल पूरा होने पर मतदान हो रहा है। जबकि बाकी जगह पर उपचुनाव हो रहा है। पटना जिले में तीन नगर पंचायत नौबतपुर, बिक्रम, खुसरुपुर में कार्यकाल पूरा हुआ है।



## खबर संक्षेप

### राज्यपाल ने भारत रत्न राव को दी श्रद्धांजलि

**चंडीगढ़।** राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने शनिवार को राजभवन में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय पीवी नरसिम्हा राव को उनकी जयंती के अवसर पर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान राज्यपाल ने उनके ऐतिहासिक योगदान को याद किया। दत्तात्रेय ने कहा कि स्वर्गीय पीवी नरसिम्हा राव के दूरदर्शी नेतृत्व ने भारत को आर्थिक उदारीकरण के युग में प्रवेश कराया। उनकी नीतियों ने देश को वैश्विक बाजार संचालित अर्थव्यवस्था की ओर अग्रसर किया, जिसने भारत को वैश्विक मंच पर एक नई पहचान दिलाई।

### स्पीकर ने विकास कार्यों का शुभारंभ किया

**चंडीगढ़।** हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने शनिवार को घरौंडा हलके में तीन करोड़ 76 लाख 45 हजार रुपये की 7 परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। लंबित कार्यों को तेजी से पूरा कराया जा रहा है। स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के लिए प्रशिक्षण केंद्र का निर्माण कार्य शुरू हो चुका है। हरविन्द्र कल्याण ने घरौंडा हल्के के गांव भरतपुर में पीडब्ल्यूडी सड़क से श्मशान घाट तक के रास्ते का शिलान्यास किया। पंचायती राज विभाग द्वारा बनवाए जाने वाले 1278 मीटर लंबे इस रास्ते पर 57 लाख 25 हजार रुपये की लागत आएगी। उन्होंने सदरपुर गांव में उप स्वास्थ्य केंद्र का भी शिलान्यास किया। इस पर 67 लाख 26 हजार रुपये की लागत आएगी।

### मन की बात कार्यक्रम का प्रसारण आज

**पंचकूला।** प्रत्येक माह के आखिरी रविवार को प्रसारित होने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का सजीव प्रसारण आज सुबह 11 बजे टीवी, रेडियो एवं अन्य डिजिटल प्लेटफार्म के माध्यम से प्रसारित होगा। जिला अध्यक्ष अजय मित्तल ने बताया, हर माह की भांति जिले के सभी बूथों पर मन की बात कार्यक्रम समूह में सुनने की व्यवस्था की गयी है, बूथ कार्यकर्ता अपने अपने बूथों पर स्थानीय नागरिको के साथ मन की बात कार्यक्रम सुनेंगे।

### प्रदेश में भ्रष्टाचार चरम पर : अशोक बुवानीवाला

**चंडीगढ़।** हरियाणा प्रदेश कांग्रेस उद्योग सैल के चेयरमैन अशोक बुवानीवाला ने प्रॉपर्टी आईडी में खामियों का मुद्दा उठाते हुए कहा है कि प्रदेश सरकार आम आदमी के लिए परेशानियों की सरकार बनती जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रॉपर्टी आईडी में पाई जा रही खामियां आम आदमी के लिए जी का जंजाल बनी हुई है। उन्होंने कहा कि प्रॉपर्टी आईडी में छोटी-छोटी गलतियों की भरमार हैं। इन्हें ठीक करने में संबंधित कर्मचारी आनाकानी करते हैं। अधिकांश प्रॉपर्टी आईडी में नाम, पता, मोबाइल, क्षेत्रफल और किसी अन्य के नाम प्रॉपर्टी जैसी गलतियों की भरमार हैं।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कैप्टन अभिमन्यु की माता के निधन पर जताया शोक


## पीएम ने सिंधु परिवार व पूर्व वित्तमंत्री के शुभचिंतकों को दी सांत्वना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हरियाणा के पूर्व वित्तमंत्री कैप्टन अभिमन्यु की माता परमेश्वरी देवी जी के निधन पर गहरा शोक जताया है। कैप्टन अभिमन्यु को भेजे गए शोक संदेश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि मां की ममता और उनका स्नेह जीवन का सबसे बड़ा संबल होता है। मां की सहृदयता संसार में अतुलनीय है।

उनके देहावसान से आपके व परिजनों के जीवन में आए सूनेपन की पीड़ा को शब्दों में व्यक्त कर पाना कठिन है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संदेश के माध्यम से कहा कि कैप्टन अभिमन्यु की माता श्रीमती परमेश्वरी देवी जी के निधन के बारे में जानकर उन्हें गहरा दुःख हुआ। उन्होंने कैप्टन अभिमन्यु को सांत्वना देते हुए कहा कि ईश्वर आपके परिवार व शुभचिंतकों को यह दुःख सहन करने का धैर्य और साहस प्रदान करें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने शोक संदेश में कहा कि श्रीमती परमेश्वरी देवी जी परिवार के लिए एक सशक्त आधार और




प्रधान मंत्री
Prime Minister

- केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित अनेक गणमान्य राजनेता कैप्टन अभिमन्यु को शोक संदेश भेजकर अपनी संवेदना व्यक्त कर चुके

प्रेरणास्रोत थीं। आज वह सशरीर इस संसार में नहीं हैं, लेकिन उनके द्वारा दी गई शिक्षाएं और संस्कार परिवार के साथ बने रहेंगे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि इस मुश्किल समय में मेरी संवेदनाएं कैप्टन अभिमन्यु के परिवार के साथ हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित अनेक गणमान्य राजनेता कैप्टन अभिमन्यु को शोक संदेश भेजकर अपनी संवेदना व्यक्त कर चुके हैं। आपको बता दें कि हरियाणा के पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु की माता परमेश्वरी देवी के निधन के बाद हरियाणा सहित कई राज्यों के मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री, सांसद, विधायक और सभी राजनीतिक दलों के वरिष्ठ राजनेता पिछले कई दिनों से कैप्टन अभिमन्यु के घर शोक व्यक्त करने पहुंच रहे हैं

## सिंधु परिवार की स्तंभ माता परमेश्वरी देवी जी को आज एमडीयू में दी जाएगी श्रद्धांजलि

**रोहतक।** सिंधु परिवार की स्तंभ रहीं माता परमेश्वरी देवी को रविवार 29 जून को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय(एमडीयू) के टैगोर ऑडिटोरियम में सुबह 11.00 बजे से दोपहर एक बजे तक श्रद्धांजलि दी जाएगी। प्रोग्राम में देशभर से आए गणमान्य लोग अपने आशीर्वचनों से माता परमेश्वरी देवी का स्मरण करेंगे। कार्यक्रम की शुरुआत में 10.30 से 11.30 तक भजन होंगे। 11.30 से 11.45 तक परमेश्वरी देवी के जीवन से संबंधित चलचित्र चलाया जाएगा। ध्यान रहे कि प्रदेश के पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु की माता परमेश्वरी देवी गत 20 जून को प्रभु के श्रीचरणों में विलीन हो गई थीं। इनका 21 जून को हिसार जिले के गांव खांडा खेड़ी में अंतिम संस्कार किया गया था। बीते शुक्रवार से माता परमेश्वरी देवी को समाज के प्रतिष्ठित एवं अति प्रतिष्ठित लोगों ने सेक्टर 14 स्थित सिंधु भवन पहुंचकर श्रद्धासुमन अर्पित कर रहे हैं। इनमें प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, पूर्व सीएम एवं केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल समेत दूसरे केंद्रीय मंत्रियों ने सिंधु आवास आकर श्रद्धांजलि दी। मंत्रियों के अलावा भाजपा के दूसरे वरिष्ठ नेता और पदाधिकारियों ने भी माता परमेश्वरी देवी को श्रद्धासुमन अर्पित करके उनका स्मरण किया। लोगों ने कहा कि माता परमेश्वरी देवी के सामाजिक योगदान को लोग हमेशा-हमेशा याद रखेंगे। उन्होंने हर जरूरतमंद की मदद की। इनके घर से कोई भी व्यक्ति खाली हाथ नहीं लौटा। माता परमेश्वरी देवी जी अंजान लोगों से भी परिवार के लोगों की तरह ही स्नेहल व्यवहार करती थीं।



## गुरुग्राम में महिला मॉक संसद आपातकाल लोकतंत्र का काला अध्याय का आयोजन

**मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने देश व प्रदेश उत्थान में महिलाओं के योगदान को सराहा**

# आपातकाल के काले दौर में मातृ शक्ति ने लोकतंत्र प्रहरी की भूमिका निभाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि आपातकाल के दौरान लोकतंत्र सेनानियों पर जितने अत्याचार हुए उतने ही अत्याचार महिलाओं ने सहन किए और इस काले दौर का डटकर वीरता से सामना किया। महिलाओं ने राष्ट्रहित में जो लोकतंत्र प्रहरी के रूप में योगदान दिया वह कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने आह्वान किया कि लोकतंत्र के काले अध्याय को जन-जन तक पहुंचाया जाए ताकि हमारी आने वाली पीढ़ियां इसे याद रखे और इसके प्रति सचेत रहे। मुख्यमंत्री नायब सैनी शनिवार को गुरुग्राम विश्वविद्यालय के सभागार में आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित महिला मॉक पार्लियामेंट में सम्बोधित कर रहे थे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने मॉक पार्लियामेंट की कार्यवाही भी देखी। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण को समर्पित यह मॉक पार्लियामेंट सेशन आपातकाल के दौरान महिलाओं पर हुए अत्याचार को याद करते हुए उनके त्याग को

- गुरुग्राम विश्वविद्यालय के सभागार में आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य पर महिला मॉक पार्लियामेंट का आयोजन




### आपातकाल में संविधान को कुचलने का काम हुआ




मुख्यमंत्री ने कहा कि आपातकाल में संविधान को रौंदने का काम किया गया। यह कोई साधारण विषय नहीं है। यह हमें उस दौर की याद दिलाता है, जब पूरे देश की आवाज को कुचलने की कोशिश की गई थी। यह उस दौर की बात है, जब संविधान को ताक पर रखकर एक परिवार की सत्ता को बचाने के लिए देश को जेल बना दिया गया था। आज, जब इतनी जागरूक माताएं-बहनें बैठी हैं, तो मुझे पूरा विश्वास है कि इस देश की लोकतांत्रिक चेतना को कोई फिर से कोई कुचल नहीं सकता। उन्होंने कहा कि संविधान का दुरुपयोग कर आपातकाल 25 जून, 1975 की रात को लागू किया गया। जिसके कारण हर जन के अधिकारों पर अंकुश लगाया गया।

सलाम करने का दिन है। उन्होंने आपातकाल में अत्याचार का विरोध करने वाले लोकतंत्र सेनानियों को सम्मानित भी किया। सम्मानित होने वालो में प्रदेश अध्यक्ष लोकतंत्र सेनानी संगठन महावीर भारद्वाज, एस.बी. गुप्ता और श्रीचंद गुप्ता शामिल रहे।

### युवा बनें पॉलिसी मेकर

### मुख्यमंत्री ने गुरुग्राम की धरती से युवाओं को दिया राष्ट्र निर्माण का मंत्र



मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि युवा मॉक पार्लियामेंट सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं है, यह लोकतंत्र का उत्सव और नीति-निर्माण की एक जीवंत प्रयोगशाला है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे इस मॉक पार्लियामेंट के माध्यम से देश को यह स्पष्ट संदेश दें कि लोकतंत्र की रक्षा ही हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शनिवार को गुरुग्राम में आयोजित युवा मॉक पार्लियामेंट में युवाओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि युवा मॉक पार्लियामेंट केवल एक शैक्षणिक अभ्यास भर नहीं है, बल्कि आज के दिन को संविधान हत्या दिवस के रूप में भी याद करते हुए, आपातकाल के उस काले अध्याय पर विमर्श करने का अवसर है, जिसने लोकतंत्र की आत्मा को कुचलने का दुस्साहस किया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरुग्राम की धरती पर आयोजित यह कार्यक्रम न केवल युवाओं के उज्ज्वल भविष्य का संकेत है, बल्कि लोकतंत्र की एक सशक्त प्रयोगशाला के रूप में इसकी भूमिका अत्यंत सराहनीय है।

## जगन्नाथ रथ यात्रा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, हमारी सांस्कृतिक आत्मा : दत्तात्रेय

### राज्यपाल ने रथ यात्रा पूजा में हिस्सा लिया



**चंडीगढ़।** राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने गुरुग्राम स्थित साईं का आंगन में आयोजित श्री जगन्नाथ रथ यात्रा 2025 का विधिवत शुभारंभ किया। उन्होंने भगवान श्री जगन्नाथ, बहन सुभद्रा एवं भाई बलभद्र के भव्य रथ की आरती कर यात्रा की शुरुआत की। डॉ. चंद्रभानु सतपथी के मार्गदर्शन में यात्रा की शुरुआत दोपहर 3 बजे पाहंडी अनुष्ठान से हुई, जिसके पश्चात छेरा पहंरा की रस्म राज्यपाल द्वारा निभाई गई जो भगवान के प्रति सेवा और विनम्रता का प्रतीक मानी जाती है। राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि जगन्नाथ रथ यात्रा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, यह हमारी सांस्कृतिक आत्मा है। ऐसे आयोजन समाज को जोड़ते हैं और अध्यात्म व मानवीय मूल्यों को बल देते हैं। मेरी प्रार्थना है कि भगवान श्री जगन्नाथ सभी को सुख, शांति और समृद्धि प्रदान करें। इस अवसर पर केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री जुएल ओराम ने भी रथ यात्रा में भाग लिया। उन्होंने कहा कि यह रथ यात्रा भारतीय संस्कृति, आस्था और परंपरा का प्रतीक है। ऐसे आयोजन नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ते हैं और 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना को मजबूत करते हैं। उन्होंने आयोजकों को इस अनुशासित और भव्य आयोजन के लिए बधाई दी। करीब 25 फीट ऊंचे रथ को श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन करते हुए खींचा।

## महाराजा दक्ष प्रजापति जयंती समारोह 13 को

**चंडीगढ़।** जन स्वास्थ्य अभियान्त्रिकी व लोक निर्माण (भवन एवं सडक़ें) मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि 13 जुलाई को अराध्य देव महाराजा दक्ष प्रजापति की जयंती राज्य स्तर पर भिवानी में मनाई जाएगी।

कार्यक्रम में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। इसके साथ-साथ कार्यक्रम में मंत्रीगण, विधायकगण व अन्य गणमान्य लोग विशेष तौर पर उपस्थित रहेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेष सरकार निरंतर संत व महापुरुषों को मान-सम्मान देने का कार्य कर रही है और यह जयंतियां सरकारी तौर पर राज्य स्तर पर मनाई जा रही हैं। हाल ही में संत कबीरदास जयंती राज्य स्तर पर सिरसा में, महर्षि कश्यप जयंती इंद्री में, परशुराम जयंती रोहतक में, भगत धन्ना जयंती उचाना में मनाई गई थी।

## बिजली दामों की बढ़ोतरी को वापस ले सरकार

**चंडीगढ़।** जननायक जनता पार्टी के युवा प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला ने कहा है कि भाजपा सरकार हरियाणा की तरक्की की दिशा में कोई नए कदम उठाने की बजाय आम लोगों से पैसे लूटने में लगी हुई है। उन्होंने कहा कि भय के साये में जीने को मजबूर लोगों को सरकार ने अब बिजली के दामों में प्रति यूनिट 40 पैसे तक की बढ़ोतरी करके बड़ा झटका दिया है। दिग्विजय ने कहा कि सरकार ने बिजली के दाम बढ़ाकर छोटे से लेकर बड़े व्यापारियों और घरेलू उपभोक्ताओं की जेब पर डाका डालने का काम किया है। दिग्विजय ने सरकार से मांग करते हुए कहा कि भाजपा सरकार को बिजली दामों की बढ़ोतरी के फैसले को तुरंत वापस लेना चाहिए अन्यथा सरकार के इस फैसले के खिलाफ जेजेपी बड़ा आंदोलन करेगी। शनिवार को दिग्विजय चौटाला युवा जोड़ो अभियान के तहत फतेहाबाद जिले में पत्रकारों से रूबरू थे। इस मौके पर कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## स्टार्टअप्स को बढ़ावा दे रही प्रदेश सरकार : राव नरबीर

**चंडीगढ़।** नवाचार और स्थानीय स्टार्टअप्स को बढ़ावा देने की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल करते हुए, हरियाणा सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री श्री राव नरबीर सिंह ने रेफिंसर्व के सीईओ पंकज बजाज को ऑटोमोबाइल लेंडिंग क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान और नवाचार के लिए एक प्रशंसा पत्र भेंट किया। स्टार्टअप का योगदान विशेष रूप से हरियाणा के

### राव ने उद्यमी पंकज बजाज को सम्मानित किया

टियर-2 और टियर-3 शहरों के लिए सराहनीय रहा है। इस सम्मान को और भी विशेष बनाते हुए, मंत्री राव नरबीर सिंह ने स्वयं पंकज बजाज को यह प्रशंसा पत्र सौंपा, यह राज्य सरकार की नवाचार को प्रोत्साहित करने वाली सक्रिय सोच का प्रतीक है। उन्होंने न केवल पंकज बजाज की नेतृत्व क्षमता की सराहना की, बल्कि रेफिंसर्व की पूरी टीम और निदेशक मंडल को भी बधाई दी। मंत्री ने यह भी स्वीकार किया कि रीफिंसर्व ने भारत की जमीनी हकीकत को समझते हुए वित्तीय समावेशन की दिशा में एक प्रभावशाली कार्य किया है। उन्होंने कहा कि सरकार स्टार्टअप को बढ़ावा दे रही है।

# शराब कारोबार पर ग्रहण, 169 जोन में अभी तक ठेके नीलाम न होने से राजस्व को लग रहा झटका

## गैंगस्टरों और अपराधियों के डर से अभी तक लगभग दो सौ ठेके नहीं छूटे

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा में इस बार शराब के कारोबारियों को ही नहीं बल्कि हरियाणा के आबकारी व कराधान विभाग को झटका लगा है। सूबे में अपराधियों की धमकी व एक कारोबारी की हत्या के बाद में विभाग के आला अफसरों की लाख कोशिश के बाद भी सभी ठेके नीलाम नहीं हो सके हैं। एक बदमाश का मुठभेड़ के बाद एनकाउंटर होने के बाद कुछ जिलों में माहौल बदला और नीलामी हुई लेकिन प्रयासों के बावजूद लगभग 170 जोन के ठेकों की नीलामी अभी तक नहीं हो सकी है। अहम बात यह है कि पूरे माहौल की गंभीरता को देखते हुए खुद प्रदेश के पुलिस प्रमुख (डीजीपी) ने बैठक लेकर दिशा निर्देश जारी किए और खुद भी फील्ड में उतरे। उधर, मुख्यमंत्री ने भी इस बार में बैठक ली साफ कर दिया कि कानून व्यवस्था को लेकर ठोस कदम उठाएं अपराधियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस ने फ्री हैंड मिलते ही एक ईनामी बदमाश को एनकाउंटर में उड़ा दिया।

### हर सप्ताह नीलामी को लेकर प्रक्रिया जारी

ईटीसी और विशेष सचिव विनय प्रताप सिंह ने पूछे जाने कहा कहा कि हर सप्ताह नीलामी को लेकर प्रक्रिया जारी है। 169 जोन बचे हुए हैं, जिन्हें जल्द ही दे दिया जाएगा। जिलों में अब ज्यादा नहीं बल्कि एक एक, दो-दो ठेके बचे हैं। विभाग इस तरफ गंभीरता से काम कर रहा है। आने वाले सप्ताह तक सभी जोन टेंडर कर दिए जाएंगे। जहां जहां पर धमकी मिली वहां पर डीसी और एसपी समन्वय के साथ काम कर रहे थे। हर सप्ताह में दो राउंड चलाए जाएं

### गृह विभाग एसीएस खुद ले चुकी बैठक

गृह विभाग अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा का कहना है कि मैने खुद अधिकारियों के साथ में इस मुद्दे पर बैठक ली थी। मिश्रा ने कहा कि शराब की दुकानों की नीलामी में धमकी और हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं होगा। उन्होंने कहा कि नीलामी में हिस्सा लेने वाले कारोबारियों को पूर्ण सुरक्षा दी जा रही है, प्रदेश के अंदर किसी भी तरह से कानून व्यवस्था बिगाड़ने के प्रयास करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। मिश्रा ने कहा कि प्रशासन और पुलिस की ओर से ढिलाई को गंभीरता से लिया जाएगा।

### एक एनकाउंटर के बाद नीलामी ने पकड़ी रफ्तार

चर्चित ईनामी रोमिल का एनकाउंटर होने के साथ ही कारोबारियों का हौसला बढ़ा और ठेकों की नीलामी में हिस्सा लिया। एक एनकाउंटर के अगले ही दिन शराब के 10 ठेकों की नीलामी हुई थी। जिसके बाद में आबकारी विभाग ने 27 जून को एक बार फिर नीलामी कराने की तारीख रखी थी। ठेकों की बोली लगाने के लिए ठेकेदार आगे आने लगे हैं। वैसे, भी सबसे ज्यादा प्रभावित जिले कुरुक्षेत्र और यमुनानगर माने जा रहे थे, लेकिन दोनों में ही नीलामी ने अब रफ्तार पकड़ ली है।

### 1194 जोन से 1025 अलॉट, 169 रह गए

| | |
|---|---|
| जगाधरी 34 | गुरुग्राम 29 |
| फरीदाबाद 40 | पंचकूला 10 |

### ठेकेदारों को सुरक्षा दी जाएगी, अधिकारी कामकाज में जुटे

मुख्यमंत्री नायब सैनी का कहना है कि शराब के ठेकों की बोलियां नहीं होने के पीछे कई तरह के कारण हैं। कानून व्यवस्था पर भी मुख्यमंत्री ने दो टूक कहा है कि सरकार सबको सुरक्षा प्रदान करेगी। पुलिस कानून व्यवस्था को लेकर कामकाज कर रही है और कोई कोताही नहीं बरती जा रही है। ठेकों को लेकर जहां जहां पर दिक्कतें थी, हमारे वरिष्ठ अधिकारी कामकाज में जुटे हुए हैं।

### दस मई से शुरू हुई थी नीलामी

यहां बता दें कि प्रदेशभर में 10 से 12 मई के बीच शराब ठेकों की नीलामी की शुरूआत हुई थी। नई आबकारी नीति लागू होने से पहले बेस-प्राइज पर ठेकों की बिक्री करनी होती है। नीति लागू होने के 15 दिन बाद 12 जिलों के 136 जोन के 272 ठेकों को खरीदार तक नहीं मिले थे। 25 जून को यमुनानगर 10 जोन वाले 20 और उससे पूर्व रोहतक में चार जोन के आठ ठेके बिके थे।ठेकों की नीलामी अटकी, अपराधियों की धमकी के कारण टलती चली आ रही थी।इस क्रम में सुमिता मिश्रा एसीएस होम और डीजीपी ने जिला उपायुक्तों और पुलिस अधीक्षकों को ठेकेदारों के पास जाकर उन्हें भरोसा बढ़ाने की दिशा में काम सौंपा। जीटी बेल्ट में शराब ठेकों में गैंगस्टर काला राणा गैंग का हस्तक्षेप लगातार रहता है। नीलामी से पहले ही गैंगस्टरों की एंट्री और हत्या के बाद में तो कारोबारी हाथ पर हाथ रखकर घर बैठ गए थे।

## संविधान को कमजोर करने के प्रयास को सहन नहीं करेंगे

**चंडीगढ़।** सांसद सैलजा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी और उसकी मातृ संस्था राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की ओर से बार-बार भारतीय संविधान को बदलने की बात कोई आकस्मिक बयान नहीं, बल्कि एक गहरी साजिश का हिस्सा है। यह एक सुव्यवस्थित एजेंडा है, जिसका उद्देश्य डॉ. भीमराव आंबेडकर द्वारा रचित हमारे संविधान की आत्मा पर सीधा आघात करना है। सांसद कुमारी सैलजा ने कहा है कि आरएसएस और भाजपा की विचारधारा को संविधान असहज करता है क्योंकि यह संविधान समता, सामाजिक न्याय, धर्मनिरपेक्षता और लोकतांत्रिक मूल्यों की गारंटी देता है। यही संविधान सदियों से वंचित समाजों को अधिकार, सम्मान और अवसर प्रदान करता आया है। अब उन्हीं अधिकारों को छीनने की कोशिश की जा रही है। कभी आरएसएस के वरिष्ठ पदाधिकारी सार्वजनिक रूप से संविधान को बदलने की बात करते हैं, तो कभी भाजपा सरकार के मंत्री ऐसे बयानों और नीतियों को बढ़ावा देते हैं जो सीधे संविधान की मूल भावना के विरुद्ध हैं।



### विरोध का बिगुल फूकेंगी कांग्रेस

कुमारी सैलजा ने कहा कि वे स्पष्ट करना चाहती है कि कांग्रेस पार्टी ऐसे किसी भी विचार, नीति या प्रयास का डटकर विरोध करेगी जो संविधान के मूल सिद्धांतों के विरुद्ध हो। बाबा साहेब आंबेडकर ने जिस संविधान का निर्माण किया, वह करोड़ों दलितों, आदिवासियों, पिछड़ों, अल्पसंख्यकों और महिलाओं के संघर्ष का परिणाम है। उस पर हमला करना दरअसल इन सभी वर्गों की आवाज को दबाने की कोशिश है। हम भाजपा और आरएसएस के इस संविधान विरोधी एजेंडे को देश के हर कोने में बेनकाब करेंगे। हम जनता को जागरूक करेंगे, और लोकतंत्र की रक्षा के लिए हर संभव कदम उठाएंगे।

## खनन माफिया के आगे सरकार बेबस

**चंडीगढ़।** सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने आरावली की पहाड़ियों पर लगातार हो रहे अवैध खनन के लिए खनन माफिया और सत्ता में बैठे लोगों की मिलीभगत को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि अवैध खनन के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट के आदेश को भी धता बताकर अरावली पहाड़ विस्फोटक लगाकर उड़ाया जा रहा है। लेकिन डबल इंजन वाली बीजेपी सरकारें भ्रष्टाचार के इस विस्फोट की आवाज़ को अनसुना कर चुपचाप तमाशा देख रही हैं। खनन माफिया गगनचुंबी पहाड़ियों को पाताल में बदलते जा रहे हैं। सरकार की तरफ से अवैध खनन नहीं होने देने के तमाम आदेश दिखावटी व फुस्स साबित हो रहे हैं। अवैध खनन माफिया और उससे होने वाली काली कमाई के आगे बीजेपी सरकार बेबस नजर आ रही है उन्होंने कहा कि खनन माफिया और सत्ता में बैठे लोग मिलकर प्रदेश को लूट रहे हैं। क्योंकि बिना इनकी मिलीभगत के अवैध खनन फलफूल नहीं सकता। एनजीटी से लेकर कोर्ट तक खनन माफिया पर नकेल कसने कह चुके हैं लेकिन सरकार उलटे खनन माफिया को शह दे रही है। क्योंकि खनन माफियाओं के तार ऊपर तक जुड़े हैं। यही कारण है कि सब कुछ आँख के सामने होने के बाद भी सरकार अवैध खनन रोक नहीं रही है।



## खबर संक्षेप

### हिसारः गुजवि ने परीक्षा परिणाम किए घोषित

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न विषयों के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए हैं। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक प्रो. यशपाल सिंगला ने बताया कि दिसम्बर 2024 में आयोजित एमएससी साइकोलॉजी कोर्स कोड-111 प्रथम सेमेस्टर (रिअपीयर व मेन) बैच 2022, 2023 व 2024, एमएससी साइकोलॉजी कोर्स कोड-111 तृतीय सेमेस्टर (रिअपीयर व मेन) बैच 2022 व 2023, एमए हिंदी चतुर्थ सेमेस्टर (मेन) बैच 2023, एमए हिंदी चतुर्थ सेमेस्टर (रिअपीयर) बैच 2021-2022, एमएड तृतीय सेमेस्टर (रिअपीयर) बैच 2022 का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया है।

### शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर 8 लाख की ठगी

**फरीदाबाद।** साइबर थाना सैंट्रल की टीम ने शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर ठगी करने के मामले में खाताधारक को मथुरा से गिरफ्तार किया है। साइबर थाना सैंट्रल में सेक्टर-82 फरीदाबाद निवासी एक व्यक्ति ने शिकायत दी जिसमें आरोप लगाया कि उसको इंस्टाग्राम पर शेयर मार्केट में ट्रेडिंग के लिए मैसेज प्राप्त हुआ। जिसमें उसने रूचि दिखाई, जिस पर ठगों ने उसे डिमेट खाता का स्क्रीनशॉट शेयर करने को कहा। फिर उसको एक व्हाट्सएप गुरप से जोड़ा गया, जहां समूह के अन्य लोगों द्वारा निवेश पर प्राप्त लाभ की स्क्रीनशॉट शेयर किए जाते थे। शिकायतकर्ता ने लालच में आकर निवेश करने कहा कि जिसके बाद उसके पास एक लिंक भेज कर उसका खाता खुलवाया गया। जिस पर उसने कुल 8 लाख का निवेश किया।

### दुष्कर्म के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** नाबालिक लडक़ी के साथ दुष्कर्म के मामले में महिला थाना बल्लभगढ़ की टीम आरोपी रोनक को गिरफ्तार किया। 26 जून को महिला थाना बल्लभगढ़ में दी अपनी शिकायत में एक महिला ने बताया कि उसकी 14 वर्षीय नाबालिक बेटी की इंस्टाग्राम पर एक लडक़े से जानकारी हुई थी। फिर वह लडक़ा उसकी बेटी को बहला फुसलाकर कर अपने साथ ले गया और उसके साथ गलत काम किया। जिस संबंध में महिला थाना बल्लभगढ़ में पोक्सों की धाराओं में मामला दर्ज किया गया।

### निवेश के नाम पर लाखों की धोखाधड़ी, काबू

**फरीदाबाद।** आईपीओ में निवेश के नाम पर धोखाधडी के एक मामले में साइबर थाना एनआईटी की टीम ने एक आरोपी को फलौदी, राजस्थान से गिरफ्तार किया है। साइबर थाना एनआईटी में सैनिक कॉलोनी सेक्टर-49 फरीदाबाद में रहने वाले व्यक्ति ने शिकायत दी, जिसमें आरोप लगाया कि वह इंस्टाग्राम पर सर्फिंग कर रहा था जहॉ शेयर मार्केट मे निवेश करके मोटा मुनाफा कमाने का विज्ञापन देखा तथा अपना विवरण भराए इसके बाद उसके पास व्हॉटसप पर एक कॉल आया और उसको एक व्हॉटसप ग्रुप मे जोडा गया, जहां शेयर मार्केट मे निवेश के लिए टिप्स दिये जाते थे। इसके बाद एप डाउनलोड करने को कहा तथा आईपीओ में निवेश कर 100 प्रतिशत रिटर्न का भरोसा दिलाया। जिस पर शिकायतकर्ता ने यूपीआई में विभिन्न ट्रांजेक्शन के माध्यम से 30,50,000 रुपये निवेश किए।

# एचटेट की तर्ज पर होगी पीएम श्री मॉडल संस्कृति स्कूलों में तैनाती की परीक्षा

## 30 जून को प्रदेशभर के 42 परीक्षा केंद्रों पर 12 हजार 320 परीक्षार्थी देंगे परीक्षाः बोर्ड सचिव डॉ. नागपाल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी

आनलाइन ट्रांसफर ड्राइव के तहत पीएम श्री, माडल संस्कृति स्कूलों में पढ़ाने की इच्छा रखने वाले शिक्षकों को हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा (एचटेट) की तर्ज पर परीक्षा देनी होगी। पहली बार इस तरह की स्क्रीनिंग परीक्षा हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड ले रहा है। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा कमीश्नरी लेवल पर यह परीक्षा 30 जून को 42 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जाएगी, जिसमें 12 हजार 320 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे।

**खास बातें**

- शिक्षा का स्तर बेहतर बनाने के लिए प्रदेश में 218 माडल संस्कृति और 250 पीएम श्री स्कूल बनाए
- परीक्षा 30 जून को दोपहर 2 बजे से सांय 3 : 30 बजे तक मंडल स्तर पर होगी

**468 विद्यालयों में चयनित शिक्षकों की होगी तैनाती**




**प्रदेश में 218 माडल संस्कृति और 250 पीएम श्री स्कूल**



यह जानकारी देते हुए हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के सचिव डा. मुनीष नागपाल ने बताया कि हरियाणा सरकार की ओर से प्रदेश में शिक्षा का स्तर बेहतर बनाने के लिए प्रदेश में 218 माडल संस्कृति और 250 पीएम श्री स्कूल बनाए है। इन्हें सीबीएसई से संबद्ध किया गया है। अब प्रदेश सरकार की और इन स्कूलों में रिक्त हुए और नए बने पदों पर भर्ती के लिए शिक्षकों से आनलाइन ड्राइव के तहत आवेदन मांगे गए थे। जिसमें 12 हजार 320 ने आवेदन किया। यहां पांच कैटेगरी में आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। जिनमें प्रिंसिपल, एलीमेंटरी स्कूल हेड मास्टर, प्राइमरी टीचर्स एंड हेड टीचर्स, पीजीटी, टीजीटी और हेड मास्टर के पद है। इनका टेस्ट 30 जून को लिया जाएगा। जिसके लिए प्रदेश में कमिश्नरी स्तुर पर 42 परीक्षा केंद्र बनाए गए। उन्होंने बताया कि इसकी तैयारी पूरी है।

**परीक्षा में बहुविकल्पीय प्रश्न रहेंगे**

शिक्षा बोर्ड सचिव डॉ. मुनीष नागपाल ने बताया कि इस परीक्षा में बहुविकल्पीय प्रश्न रहेंगे, जिनके चार-चार विकल्प रहेंगे। परीक्षा के आधार पर शिक्षक जो अंक हासिल करेंगे, वे रिपोर्ट शिक्षा निदेशालय को भेज दी जाएगी। क्वालिटी एजूकेशन पर फोकस करते हुए हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड ने एचटेट की तर्ज पर इनका टेस्ट लेने का निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि यह परीक्षा 30 जून को दोपहर 2 बजे से सांय 3 :30 बजे तक प्रशासनिक मंडल स्तर पर करवाया जाएगा।

### हांसी स्पेशल स्टाफ पुलिस ने सुलझाई गुमशुदा के ब्लाइंड मर्डर की गुत्थी

# हनीट्रैप में फंसा हिसार के युवक को बिहार बुलाकर पति व भाइयों से करवा दी हत्या

## महिला ने 5 लाख लिए, लौटाने से इनकार पर अश्लील फोटो वायरल की धमकी मिली तो कत्ल करवाया

- गुरुग्राम की एक विज्ञापन कंपनी में काम करते समय युवक की बिहार की महिला से हुई थी दोस्ती

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हांसी

नारनौंद थाना के गांव कापड़ो के रहने वाले कारोबारी प्रवीण टंडन की बिहार के जिले मुंगेर में दो जनवरी को चाकुओं से गोदकर हत्या कर दी गई। हांसी स्पेशल स्टाफ पुलिस ने इस ब्लाइंड मर्डर की इस गुत्थी को सुलझाते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। डीएसपी रविन्द्र सांगवान ने शनिवार को स्पेशल स्टाफ पुलिस कार्यालय में पत्रकार वार्ता में बताया कि कापड़ो निवासी प्रवीण 31 दिसंबर को बिना किसी को कुछ बताए घर से चला गया था और काफी दिनों तक जब वह घर नहीं लौटा तो 17 जनवरी को उसके पिता ने नारनौंद थाना में उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। नारनौंद पुलिस ने प्रवीण की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर उसको काफी तलाश किया लेकिन उसका कहीं कोई अता-पता नहीं चला।



**हांसी।** कापड़ो निवासी प्रवीण का हत्यारोपी सुमित स्पेशल स्टाफ पुलिस की गिरफ्त में, जानकारी देते डीएसपी रविन्द्र सांगवान। फोटोः हरिभूमि

**स्पेशल स्टाफ पुलिस ने की जांच**

पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन ने 13 जून को गुमशुदगी के इस मामले की जांच हांसी स्पेशल स्टाफ पुलिस इंचार्ज सब इंस्पेक्टर रविकांत को सौंप दी। स्पेशल स्टाफ पुलिस मामले की जांच करते हुए सीडीआर तथा प्रवीण की कॉल डिटेल की लोकेशन के आधार बिहार के जमुई पहुंची जहां पुलिस ने मोबाइल फोन की लोकेशन के आधार पर सीसीटीवी तथा रेलवे पुलिस के संपर्क से एक आरोपी जमुई जिले के गांव अगराह निवासी सुमित को गिरफ्तार कर पूछताछ की।

**प्रिया ने बनाया हत्या का प्लान**

उसने पुलिस पूछताछ में प्रवीण की हत्या किए जाने की बात कबूल करते हुए पुलिस के समक्ष सारी सच्चाई बयान कर डाली। सुमित ने बताया कि प्रिया ने प्रवीण से साढ़े पांच लाख रुपये उधार लिए थे और वह रुपये वापस करने के लिए प्रिया भारती पर दबाव बना रहा था। इस पर प्रिया ने उसकी हत्या करने का प्लान बनाकर उसे जमालपुर बुलाया और हम लोगों ने रात के अंधेरे में चाकुओं से गोदकर हत्या कर दी और उसके शव को कालेज के पीछे झाड़ियों में फेंक दिया।

**रुपयों के लेन-देन को लेकर की गई थी प्रवीण की हत्या**

डीएसपी रविन्द्र सांगवान ने बताया कि प्रवीण गुरुग्राम की एक एंड कंपनी में काम करता था जहां उसकी मुलाकात प्रिया भारती नामक एक युवती से हुई। थोड़े ही दिनों में दोनों की यह मुलाकात दोस्ती में बदल गई। इसी दोस्ती का फायदा उठाते हुए प्रिया भारती ने प्रवीण से साढ़े पांच लाख रुपये उधार ले लिए और बिहार चली गई। डीएसपी ने बताया कि जब प्रवीण ने प्रिया से अपने रुपये वापस मांगे तो उसने रुपए लौटाने के बहाने से उसके बिहार के मुंगेर जिले के गांव जमालपुर में बुलाया और दो जनवरी की रात को अपने पति व भाइयों के साथ मिलकर उसकी हत्या कर दी।

**आरोपी 10 दिन के रिमांड पर**

डीएसपी रविन्द्र सांगवान ने बताया कि स्पेशल स्टाफ पुलिस ने मामले की गहनता से जांच करते हुए बिहार पुलिस की मदद से एक आरोपी सुमित बताया को गिरफ्तार कर अदालत में पेश करके 10 दिन के लिए रिमांड पर लिया है। रिमांड के दौरान आरोपी से हत्या में प्रयुक्त चाकू तथा अन्य आरोपियों को गिरफ्तार करने का प्रयास किया जाएगा।

**बिहार पुलिस ने डीएनए जांच के लिए रखें बाल व दांत के सैंपल**

आरोपियों ने प्रवीण के शव को कासिमगंज स्थित जेआरएस कालेज के पीछे उसके शव को फेंक दिया और तीन जनवरी को मुंगेर पुलिस ने प्रवीण के शव को बरामद कर अज्ञात के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर पहचान नहीं होने के चलते लावारिस मानकर उसका अंतिम संस्कार कर दिया। डीएसपी रविन्द्र सांगवान ने बताया कि बिहार पुलिस ने प्रवीण की डीएनए जांच के लिए उसके बाल व दांत के सैंपल रख लिए थे। उन्होंने बताया कि पुलिस बिहार पुलिस से सैंपल लेकर कर उनकी मदद से प्रवीण की डीएनए जांच करवाएगी।



**बहादुरगढ़।** मौके पर लोगों से बातचीत करते एसएचओ पवनवीर सिंह।

# ममता शर्मसारः जन्म देने के बाद कचरे में फेंक दिया शिशु

## बहादुरगढ़ः बिलखने की आवाज सुनी तो लोगों ने संभाला

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बहादुरगढ़

शहर में ममता को शर्मसार करता एक मामला सामने आया है। यहां कचरे के ढेर में एक नवजात शिशु मिला है। जन्म के कुछ समय बाद ही उसे मरने के लिए फेंक दिया गया। समय रहते किसी की नजर पड़ी तो बच्चे की जान बच सकी। फिलहाल वह पूरी तरह से स्वस्थ्य है और शहर के नागरिक अस्पताल में भर्ती है। पुलिस ने संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामला लाइनपार क्षेत्र का है। यहां नाहरा-नाहरी रोड पर फ्लाईओवर के निकट एक खाली प्लॉट में नवजात को छोड़ा गया था। कचरे के ढेर के बीच मौजूद नवजात शिशु भूख प्यास से बिलख रहा था। इसी दौरान किसी शख्स की नजर पड़ी तो उसने आसपास अन्य लोगों को बताया। देखते ही देखते मौके पर भीड़ जुटनी शुरू हो गई। सूचना पाकर लाइनपार थाने से पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। पुलिस ने नवजात शिशु को संभाला और आनन फानन में उसे अस्पताल ले गई। वहां बच्चे का ईलाज शुरू हुआ। बच्चा पूरी तरह से स्वस्थ्य बताया जा रहा है। आगामी कार्रवाई तक फिलहाल वह अस्पताल में ही रहेगा। प्रारंभिक तौर पर सामने आया है कि डिलीवरी के कुछ समय बाद ही पहचान छिपाने के मकसद से बच्चे को कचरे में फेंका गया। संभवतः देर रात या अल सुबह किसी ने इस वारदात को अंजाम दिया है। गनीमत रही कि किसी कुत्ते या अन्य पशु की नजर बच्चे पर नहीं पड़ी। मासूम के गुनहगारों तक पहुंचने के लिए पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। घटनास्थल के निकट सीसीटीवी फुटेज चेक की जा रही हैं। लाइनपार थाना प्रभारी पवनवीर ने बताया कि एक प्लॉट से नवजात शिशु बरामद हुआ है। वह पूरी तरह से स्वस्थ है। संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज कर मामले में कार्रवाई की जाएगी। मामले की तह तक जाने के लिए अस्पतालों, आशा वर्करों से गर्भवती महिलाओं तथा हाल फिलहाल में हुई डिलीवरी का रिकार्ड लिया जाएगा।

### 12 से अधिक संगीन मामलों में था वांछित, हत्या के मामले में फरार चल रहा था रवि लांबा

# सोनीपत में गैंगस्टर और पुलिस के बीच मुठभेड़, पैर में गोली लगने के बाद गिरफ्तार

**हरियाणा और दिल्ली पुलिस के लिए सिरदर्द बन चुका अपराधी**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ खरखौदा/सोनीपत

हरियाणा और दिल्ली पुलिस के लिए सिरदर्द बन चुका कुख्यात अपराधी रवि उर्फ लांबा शनिवार सुबह सोनीपत पुलिस की स्पेशल एंटी गैंगस्टर यूनिट के हत्थे चढ़ गया। खरखौदा बाईपास पर हुई मुठभेड़ के बाद घायल हालत में गिरफ्तार किए गए रवि को पहले उपमंडल नागरिक अस्पताल खरखौदा और बाद में खानपुर पीजीआई रेफर किया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। गांव बरोणा निवासी रवि उर्फ लांबा पर हत्या, हत्या का प्रयास, लूट और रंगदारी जैसे 12 से अधिक गंभीर मामले दर्ज हैं। वह 16 सितंबर 2024 को अपने गांव में ब्रजेश की हत्या के मामले में मुख्य आरोपी है। वारदात के बाद से वह फरार था और दिल्ली की आदर्श नगर कॉलोनी में छिपा हुआ था। सूचना मिलते ही स्पेशल एंटी गैंगस्टर यूनिट के प्रभारी इंस्पेक्टर अजय कुमार अपनी टीम के साथ दिल्ली रवाना हुए। एक गुप्त सूचना के आधार पर रवि की लोकेशन गांव बरोणा और खरखौदा क्षेत्र में मिली। टीम ने 334 बी रोड, बरोणा मोड़ फ्लाईओवर के पास सर्विस रोड पर नाकाबंदी की। रवि स्प्लेंडर बाइक पर तेज रफ्तार में आता हुआ दिखाई दिया। पुलिस ने रुकने का इशारा किया, लेकिन वह भागने लगा। बाइक फिसलने से वह गिर पड़ा और भागते हुए पुलिस पर गोली चला दी। जवाबी कार्रवाई में इंस्पेक्टर अजय कुमार ने आत्मरक्षा में दो फायर किए, जिसमें रवि के पैर में गोली लग गई।





अस्पताल में उपचाराधीन घायल आरोपित एवं वारदात स्थल पर पहुंचें पुलिस अधिकारी।

**की जा रही जांच**

> रवि उर्फ लांबा लंबे समय से वांछित था और उसके खिलाफ कई संगीन अपराध दर्ज हैं। मुठभेड़ में घायल होने के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। यह गिरफ्तारी पुलिस के लिए एक बड़ी कामयाबी है और अपराधियों को स्पष्ट संदेश है कि अपराध करके बचा नहीं जा सकता। **-नरेंद्र कादियान**, डीसीपी (क्राइम), सोनीपत

### शराब पीने के दौरान हुई कहासुनी के चलते दिया वारदात को अंजाम

# जींदः खेत में ईंटों तथा बीयर बोतल घोंप कर बेरहमी से व्यक्ति की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जींद

गांव जलालपुरा खुर्द खेत में शराब पीने के दौरान कहासुनी के चलते एक व्यक्ति की ईंटें मार तथा बीयर की बोतल घोंप कर बेरहमी से हत्या कर दी। मृतक का बाइक तथा मोबाइल भी गायब है। सदर थाना पुलिस ने मृतक के बेटे की शिकायत पर तीन लोगों के खिलाफ हत्या समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव जलालपुरा खुर्द निवासी बलजीत (42) को शनिवार सुबह खेत में रक्तरंजित शव मिलने हडकंप मच गया। घटना का उस समय पता चला जब मृतक की पत्नी खेत में ज्वार लेने पहुंची थी। मृतक के चेहर पर ईंटों बीयर की बोतल घोंप कर हत्या की गई थी। घटना की सूचना पाकर डीएसपी जितेंद्र राणा पुलिसबल के साथ मौके पर पहुंच गए और हालातों का जायजा लिया। मृतक के बेटे ने सौरभ ने बताया कि शुक्रवार देर शाम गांव के ही मनीष के साथ बाइक पर देखा गया था। फिर उसके पिता ने मनीष के भाई विजय तथा गांव के ही हिमांशु के साथ खेत में शराब पी। उसने आरोप लगाया कि उसी दौरान उसके पिता बलजीत की हत्या की गई है। सदर थाना पुलिस ने मृतक के बेटे सौरभ की शिकायत पर गांव हिमांशु, विजय तथा मनीष के खिलाफ हत्या समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।





**जींद।** मृतक बलजीत का फाइल फोटो। सीसी टीवी में कैद हुआ हत्यारे।

### हादसे में घायल लोगों का अस्पताल में चल रहा इलाज

# राष्ट्रीय राजमार्ग नंबर 9 पर ट्रैक्टर-ट्राली से टकराई कार, एक की मौत, 4 घायल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ ओढां

राष्ट्रीय राजमार्ग नंबर 9 पर गांव ओढां में मैरिज पैलेस के सामने एक कार ईंटों से भरी ट्रैक्टर-ट्राली में पीछे से जा टकराई। हादसे में कार में सवार दो महिलाओं सहित कुल 5 लोगों में से करीब 30 वर्षीय चमकदीप सिंह निवासी गांव त्योणा, जिला श्री मुक्तसर साहिब पंजाब की मौत हो गई जबकि अन्य 4 घायल हो गए। सूचना के बाद ओढां थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दुर्घटना का जायजा लेते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम क लिए अस्पताल में भिजवाया। जानकारी अनुसार गांव त्योणा जिला श्री मुक्तसर साहिब पंजाब निवासी चमकदीप सिंह, जसकरण सिंह, सुखमीत कौर, हरमीत कौर व मासूम बच्चे गुरफतेह सहित 5 लोग आल्टो कार में सवार होकर सिरसा से अपने गांव जा रहे थे। कार को जसकरण चला रहा था। रास्ते में हाईवे पर गांव ओढां में एक मैरिज पैलेस के समीप कार आगे जा रही ईंटों से भरी एक ट्रैक्टर-ट्राली के पिछले हिस्से में जा लगी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार जब ट्रैक्टर को ओवरटेक कर रही थी तो ट्रैक्टर चालक ने एकदम से ट्रैक्टर को दूसरी तरफ मोड़ दिया, जिसके चलते कार चालक संतुलन खो बैठा और ये हादसा हो गया। हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक फरार हो गया। हादसे में घायल कार सवार पांचों लोगों को अस्पताल में दाखिल करवाया गया जहां चमकदीप सिंह को मृत घोषित कर दिया गया।



**सिरसा।** हादसे में क्षतिग्रस्त कार की जांच करते पुलिस के अधिकारी।

### विवाहिता को घर में बुलाकर किया दुष्कर्म, वीडियो बनाकर किया ब्लैकमेल

**हांसी।** शहर की एक कॉलोनी में एक महिला से दुष्कर्म कर अश्लील वीडियो बनाने और वीडियो वायरल करने के नाम पर ब्लैकमेल कर कई बार दुष्कर्म किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। महिला थाना पुलिस ने पीड़िता की शिकायत के आधार पर कॉलोनी के ही पीयूष नामक युवक के खिलाफ मानसिक प्रताड़ना, शारीरिक शोषण और ब्लैकमेल करने की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच आरंभ कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में महिला ने पीयूष पर मानसिक प्रताड़ना, शारीरिक शोषण और ब्लैकमेल करने तथा बेटे को जान से मारने की थमकी देने के गंभीर आरोप लगाया है। आरोपी पीयूष के घर आना जाना था लेकिन वह फरवरी 2024 से उसे लगातार परेशान कर रहा था।

# चलती इलेक्ट्रिक स्कूटी में लगी आग से हड़कंप

## राहगीरों ने सतर्क कर बचाई जान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फरीदाबाद

ग्रीन फील्ड इलाके में शुक्रवार देर रात एक चलती इलेक्ट्रिक स्कूटी में अचानक आग लग गई। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने आग पर काबू पाया। वाहन मालिक का कहना है कि घटना शॉर्ट सर्किट के कारण हो सकती है। दिल्ली के बदरपुर बॉर्डर निवासी विकास ने बताया कि वह शुक्रवार रात करीब 10.30 बजे फरीदाबाद से किराए पर ली हुई एक जीपी इलेक्ट्रिक स्कूटी से अपने घर लौट रहा था। विकास ने बताया कि उसने यह स्कूटी 5 जून को कंपनी से किराए पर ली थी, जिससे वह ओला, उबर और रैपिडो जैसी राइडिंग सर्विस में काम कर रहा था। शुक्रवार शाम भी वह एक सवारी को गुरुग्राम छोड़कर वापस लौट रहा था। जैसे ही वह फरीदाबाद के ग्रीन फील्ड इलाके के पास पहुंचा, स्कूटी में अचानक आग लग गई, जिसकी उन्हें शुरुआत में जानकारी ही नहीं थी। पीछे से आ रहे अन्य वाहन चालकों ने स्कूटी से निकलते आग और धुंए को देखा और तुरंत विकास को सतर्क किया।



# सिरसा में बाइक सवार 1.71 किलो ग्राम अफीम सहित धर दबोचा



**सिरसा।** अफीम के साथ पकड़ा गया आरोपी पुलिस की गिरफ्त में।

**सिरसा।** सीआईए सिरसा पुलिस ने गश्त व चैकिंग के दौरान हुडा सेक्टर-20 टी-प्वाइंट वेदवाला रोड से एक बाइक सवार युवक को करीब 2.5 लाख रुपए की 1 किलो 71 ग्राम अफीम के साथ गिरफ्तार किया है। सीआईए सिरसा प्रभारी सब इंस्पेक्टर प्रेम कुमार ने बताया कि थाना एक पुलिस टीम गश्त व चैकिंग के दौरान हुडा सेक्टर-20 टी-प्वाइंट वेदवाला रोड पर मौजूद थी। इस दौरान सामने से आ रहे बाइक सवार ने पुलिस की गाड़ी को देखकर भागने का प्रयास किया। पुलिस पार्टी ने शक के आधार पर बाइक सवार को काबू कर उसकी तलाशी ली तो उसके कब्जा से करीब 2.5 लाख रुपए की 1 किलो 71 ग्राम अफीम बरामद हुई। आरोपी की पहचान जगदीश उर्फ जग्गू पुत्र महेंद्र सिंह निवासी आदर्श नगर सेक्टर- 20, हुडा सिरसा के रुप में हुई है। पुलिस की प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसे यह अफीम राजस्थान के सीकर जिला का व्यक्ति देकर गया था और इसे सिरसा व आसपास के क्षेत्रों में सप्लाई करने की फिराक में था। उन्होंने बताया कि आरोपी के खिलाफ थाना सिविल लाइन सिरसा में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई है।

## भारत-फ्रांस के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास

## भारत और फ्रांस के बीच रणनीतिक विश्वास और तकनीकी समझ बढ़ी

दोनों देशों के मध्य रक्षा सहयोग और क्षेत्रीय सुरक्षा में मजबूत कदम उठे

# भारतीय सेना ने दिखाई जबरदस्त रणनीतिक कुशलता और तालमेल

*ये सैन्य युद्ध अभ्यास शहरी और अर्ध-विकसित इलाकों में किया गया। इस दौरान दोनों सेनाओं ने शहरी युद्ध, बाधा पार करने, संयुक्त गश्त और सैनिकों की तैनाती जैसे कई मिशन-विशेष अभ्यास किए। ये सभी अभ्यास वास्तविक युद्ध स्थितियों के अनुरूप किए गए, जिससे सैनिकों की रणनीतिक लचीलापन और फुर्ती में सुधार हुआ*

एजेंसी ⏭ पेरिस

भारत और फ्रांस की सेनाओं के बीच चल रहा संयुक्त सैन्य अभ्यास शक्ति-8 दोनों देशों की सेनाओं के बीच रणनीतिक सहयोग और परिचालन स्तर की तालमेल को और मजबूत कर रहा है। यह अभ्यास फ्रांस के दक्षिणी हिस्से में स्थित कैंप लारजैक, ला कावालरी में आयोजित किया जा रहा है।

इस अभ्यास में भारत की तरफ से जम्मू-कश्मीर राइफल्स बटालियन के करीब 90 सैनिक भाग ले रहे हैं, जबकि फ्रांसीसी सेना की ओर से 13वीं डेमी-ब्रिगेड डे लेजियन एत्रांजेरे (विदेशी सेना ब्रिगेड) हिस्सा ले रही है।



### अभ्यास शहरी और अर्ध-विकसित इलाकों में किया

*ये सैन्य युद्ध अभ्यास शहरी और अर्ध-विकसित इलाकों में किया गया। इस दौरान दोनों सेनाओं ने शहरी युद्ध, बाधा पार करने, संयुक्त गश्त और सैनिकों की तैनाती जैसे कई मिशन-विशेष अभ्यास किए। ये सभी अभ्यास वास्तविक युद्ध स्थितियों के अनुरूप किए गए, जिससे सैनिकों की रणनीतिक लचीलापन और फुर्ती में सुधार हुआ।*

### 96 घंटे का तीव्र फील्ड अभ्यास

इस अभ्यास का विशेष आकर्षण रहा चार दिन यानी 96 घंटे तक चलने वाला हाई-इंटेंसिटी फील्ड ऑपरेशन। इसमें दोनों देशों की सेनाओं ने एक साथ मिलकर बहु-आयामी युद्ध परिदृश्य को अंजाम दिया। इस दौरान सैनिकों की सहनशक्ति, फैसले लेने की क्षमता और नेतृत्व कौशल की परीक्षा ली गई।



### भारतीय राजदूत ने बढ़ाया हौसला

भारत के फ्रांस और मोनाको में राजदूत संजीव सिंगला ने शिविर का दौरा कर भारतीय सैनिकों से मुलाकात की। उन्होंने सैनिकों की पेशेवर क्षमता की सराहना की और भारत-फ्रांस रक्षा सहयोग में उनके योगदान को अहम बताया। उनके दौरे ने सैनिकों का मनोबल और बढ़ाया।

### इलेक्ट्रॉनिक युद्ध और ड्रोन-रोधी प्रशिक्षण

*इस कड़ी में विशेषज्ञ टीमों ने रेडियो सिग्नल पकड़ने, उन्हें जाम करने, स्पेक्ट्रम नियंत्रण और ड्रोन निष्क्रिय करने जैसे आधुनिक तकनीकों का अभ्यास किया। इससे दोनों सेनाओं की आधुनिक युद्धक्षेत्र में काम करने की क्षमता को मजबूती मिली।*



### सामरिक साझेदारी को मिली नई ऊंचाई

शक्ति-8 अभ्यास से यह साबित हो गया है कि भारत और फ्रांस की सेनाएं एक-दूसरे से बेहतर तरीके से समन्वय कर सकती हैं। इस अभ्यास ने रणनीतिक विश्वास, तकनीकी समझ और संयुक्त अभियान क्षमता को नई ऊंचाई दी है। यह दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग और क्षेत्रीय सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में एक और मजबूत कदम है।

# अब आईआईटी मद्रास में इंटर्न के यौन उत्पीड़न का मामला, राष्ट्रीय महिला आयोग ने मांगी रिपोर्ट

एजेंसी ⏭ चेन्नई

आईआईटी मद्रास में एक 20 वर्षीय महिला प्रशिक्षु के साथ 25 जून की रात को कथित यौन उत्पीड़न हुआ। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार किया गया 22 वर्षीय युवक संस्थान के फूड कोर्ट में कार्यरत था। पीड़िता की शिकायत के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और आगे की जांच जारी है। राष्ट्रीय महिला आयोग ने मामले का संज्ञान लेते हुए तमिलनाडु पुलिस से रिपोर्ट तलब की है। अपराध का स्वतः संज्ञान लेते हुए, राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर ने तमिलनाडु के डीजीपी को पत्र लिखकर बीएनएस, 2023 के प्रासंगिक प्रावधानों के तहत निष्पक्ष और समयबद्ध जांच का आह्वान किया।

## महिला न्यूज एंकर का पंखे से लटका मिला शव

हैदराबाद। 40 वर्षीय महिला न्यूज एंकर का शव उनके आवास पर पंखे से लटका मिला। मृतक की पहचान स्वेच्छा वोटारकर के रूप में हुई है, वे न्यूज एंकर थीं। पुलिस ने इस मामले को संदिग्ध मौत मानते हुए जांच शुरू की है। पुलिस के मुताबिक एंकर के पिता की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज की गई है, जिसमें उन्होंने एक व्यक्ति को अपनी बेटी की मौत का जिम्मेदार बताया है। बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामा राव ने महिला एंकर स्वेच्छा वोटारकर के निधन पर अपनी संवेदना व्यक्त की।

## सेना की उत्तरी कमान के कमांडर ने मथुरा स्थित 'स्ट्राइक वन कोर' की अभियानगत तैयारियों की समीक्षा की

जम्मू। सेना ने कहा कि उत्तरी कमान के 'जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ' लेफ्टिनेंट जनरल प्रतीक शर्मा ने शनिवार को मथुरा में स्थित 'स्ट्राइक वन कोर' की अभियानगत तैयारियों की समीक्षा की। उत्तरी कमान ने 'एक्स' पर कहा, ''सेना की उत्तरी कमान के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल प्रतीक शर्मा ने स्ट्रैटेजिक स्ट्राइकर्स का दौरा किया और अभियानगत तैयारियों की समीक्षा की।''
सैन्य कमांडर ने एकीकृत और समन्वित प्रशिक्षण व उच्च स्तर की तैयारियों के लिए कोर की सराहना की। उन्होंने किसी भी स्थिति से निपटने के लिए गतिशील योजना और स्थिति पर आधारित तैयारी पर जोर दिया।

## भारत ने बांग्लादेश से जूट और संबंधित फाइबर उत्पादों के आयात पर प्रतिबंध लगाया

**नई दिल्ली (भाषा)।** भारत ने बांग्लादेश से जूट और संबंधित फाइबर उत्पादों के आयात पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगा दिया है। यह कदम दोनों पड़ोसियों के बीच समग्र संबंधों में बढ़ते तनाव के बीच उठाया गया है। सूत्रों ने शनिवार को बताया कि नए प्रतिबंध महाराष्ट्र में न्हावा शेवा बंदरगाह को छोड़कर अन्य सभी जमीनी मार्ग और बंदरगाहों के माध्यम से बांग्लादेश के जूट और संबद्ध फाइबर उत्पादों के भारत में आयात पर लागू होंगे। वाणिज्य मंत्रालय के तहत काम करने वाले विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने शुक्रवार को एक अधिसूचना जारी कर प्रतिबंध लगा दिए। साफ्टा (दक्षिण एशियाई मुक्त व्यापार क्षेत्र) के प्रावधानों के तहत, बांग्लादेश से जूट को भारत में शुल्क मुक्त पहुंच प्राप्त है। हालांकि, उन्होंने कहा कि भारतीय जूट उद्योग को बांग्लादेश से जूट उत्पादों, विशेष रूप से धागा, फाइबर और बैग के डंप किए गए और सब्सिडी वाले आयात के प्रतिकूल प्रभाव के कारण लंबे समय से नुकसान उठाना पड़ रहा है। सूत्रों ने कहा कि इस बात के विश्वसनीय सबूत हैं कि बांग्लादेशी जूट निर्यात को बांग्लादेश सरकार द्वारा दी जाने वाली राज्य सब्सिडी से लाभ मिल रहा है। सूत्रों ने बताया कि इन चिंताओं के जवाब में, डंपिंग-रोधी और संबद्ध शुल्क महानिदेशालय (डीजीएडी) ने विस्तृत जांच की और जूट तथा बांग्लादेश से आने वाले सामानों पर डंपिंग-रोधी शुल्क (एडीडी) लगाया। लेकिन, उन्होंने कहा कि एडीडी लगाने से आयात में कोई खास कमी नहीं आई है। सूत्रों ने बताया कि विभिन्न सब्सिडी के अलावा, बांग्लादेशी निर्यातकों द्वारा की जाने वाली सामान्य गड़बड़ियों में तकनीकी छूट के माध्यम से डंपिंग-रोधी शुल्क की अवहेलना, गलत लेबलिंग, एडीडी छूट प्राप्त फर्मों के माध्यम से निर्यात और उच्च सब्सिडी प्राप्त करने के लिए 'गलत घोषणा' शामिल हैं।

**सूचना**

**सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।**

## 'कांटा लगा' गाने से बनी थी म्यूजिक इंडस्ट्री की सनसनी, ब्लड प्रेशर लो हुआ और पड़ गया दिल का दौरा

# जवां रहने व स्लिम होने की लेती थीं दवाएं, 42 साल में अभिनेत्री शेफाली जरीवाला की हार्ट अटैक से मौत

◆ एक्ट्रेस जवान दिखने के लिए 6 साल से कोई खास ट्रीटमेंट करवा रही थीं। साथ ही पतला होने की दवा लेती थीं। जिसके चलते उन्हें स्पेशल डाइट और कई दवाइयों का सेवन करना पड़ता था



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

टीवी से लेकर म्यूजिक एल्बम और फिल्मों में नजर आ चुकीं एक्ट्रेस शेफाली जरीवाला की मौत से हर किसी को शॉक्ड कर दिया है। 27 जून को शेफाली ने 42 साल की उम्र में इस दुनिया को अलविदा कह दिया है। उनकी हार्ट अटैक से मौत हो गई। शेफाली लंबे समय से मिर्गी की बीमारी से भी जूझ रही थीं।

अब शेफाली की मौत के बाद उनके डॉक्टर ने एक चौंकाने वाला खुलासा किया है। डॉक्टर ने बताया है कि एक्ट्रेस जवान दिखने के लिए 6 साल कोई खास ट्रीटमेंट करवा रही थीं। साथ ही पतला होने की दवा लेती थीं। जिसके चलते उन्हें स्पेशल डाइट और कई दवाइयों का सेवन करना पड़ता था। इसी बीच पुलिस ने शेफाली जरीवाला के पति पराग त्यागी का बयान रिकॉर्ड किर लिया है। पराग त्यागी ने पुलिस को बताया है कि उनकी पत्नी का पहले से ही मिर्गी का इलाज चल रहा था।

**उन्हें पास के बेल व्यू अस्पताल ले गया था, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया**

**पुलिस और फॉरेंसिक की टीम पूरे मामले की**

### शेफाली का मिर्गी का इलाज भी चल रहा था



1 पहला विवाह
2 फिर तलाक



## घर पर पूजा खत्म होने के बाद से ही शेफाली की तबीयत बिगड़ने लगी थी

पराग त्यागी ने पुलिस को बताया है कि कपल ने गत 27 जून 2025 को अपने घर में सत्यनारायण की पूजा थी। दिनभर पूजा के चलते शेफाली काफी थक गई थीं। ऐसे में पूजा समाप्त होते ही वह अपने कमरे में जाकर सो गई थीं। इसके बाद वह शाम 6 बजे सोकर उठीं तो उनका बीपी काफी लो हो गया था। सोकर उठने के बाद से ही उनकी तबीयत बिगड़ने लगी थी। ऐसे में शेफाली ने खुद ही सलाइन लिया लेकिन उनकी हालत और खराब होने लगी थी। उनका लो बीपी अचानक ही हाई होने लगा था।

**सोसाइटी के वॉचमैन ने दिया**

### रात 1 बजे लगी थी मौत की जानकारी

शेफाली जरीवाला की सोसाइटी के वॉचमैन ने बीती रात की घटनाओं को लेकर बड़ा खुलासा किया है। वॉचमैन के मुताबिक रात करीब 10 बजे शेफाली की गाड़ी सोसाइटी से बाहर गई थी और उसी दौरान उसने गेट खोला था। इसके बाद वो उन्हें नहीं देख पाया। वॉचमैन का कहना है कि रात लगभग 1 बजे किसी व्यक्ति ने आकर उन्हें जानकारी दी कि शेफाली अब इस दुनिया में नहीं रहीं।

### ग्वालियर की बहू थी शेफाली बाद में तलाक लिया

**ग्वालियर।** शेफाली का ग्वालियर से ससुराल व बहू का नाता था। आज से 17 साल पहले ग्वालियर रेलवे स्टेशन पर वे ग्वालियर की बहू बनकर पंजाब मेल से अपने पति हरमीत सिंह व ससुराल वालों के साथ आईं थीं। वे ग्वालियर के प्रसिद्ध शराब कारोबारी गुलजार सिंह के मीत ब्रदर्स की जोड़ी के नाम से मशहूर हुए बेटों में से छोटे ब्रदर हरमीत की दुल्हन बनकर ग्वालियर आईं थीं। संगीतकार व सिंगर मीत ब्रदर्स उस समय आज की तरह मशहूर नहीं हुए थे और शेफाली स्टार बन चुकी थीं, और शायद वही बाद में उनकी बीच अलगाव का कारण रहा। गांधीनगर स्थित घर पर बाकायदा नई दुल्हन के स्वागत की रस्में हुईं। उसके बाद चाहे दीवाली पर घर में रंगोली सजाते या आतिशबाजी करते, मॉल में शापिंग करते या फिर होटल सेंट्रल पार्क में काटा लगा सांग पर शहरवासियों के सामने मंच पर अपनी शोख अदाओं से जलवे बिखेरते हुए कई बार शेफाली को क्लिक किया गया। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया सपरिवार एक म्यूजिक एलबम रिलीज करने के लिए उनके वसंत विहार स्थित कोठी पर पहुंचे थे। उसके बाद वो अचानक ग्वालियर छोड़ गईं। वापस आईं तो न्यायालय में अपने पिता के साथ फाइनल तलाक लेकर हीं निकलीं।

## राशिफल

**मेष** परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। कारोबार के लिए विदेश जा सकते हैं। यात्रा से कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृष** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। परिश्रम अधिक रहेगा। खर्च बढ़ेंगे। भाइयों का सहयोग रहेगा।

**मिथुन** आत्मविश्वास बहुत रहेगा, परन्तु मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। धार्मिक यात्रा पर जा सकते हैं।

**कर्क** मन में निराशा एवं असन्तोष भी रहेगा। कारोबार में भाग-दौड़ अधिक रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**सिंह** परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। सुखद समाचार मिलेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी।

**कन्या** कुटुम्ब की किसी बुजुर्ग महिला के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में स्थान परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। आय में वृद्धि होगी।

**तुला** मन प्रसन्न रहेगा। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। खर्चों में वृद्धि होगी। सेहत का ध्यान रखें। जीवनसाथी से मनमुटाव रहेगा।

**वृश्चिक** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिश्रम अधिक रहेगा। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती है। सचेत रहें। लाभ के अवसरों में बढ़ोतरी होगी।

**धनु** परिवार का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों पर समुचित ध्यान दें। व्यवधान आ सकते हैं। शैक्षिक कार्यों में आशातीत सफलता मिलेगी।

**मकर** परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। परिश्रम अधिक रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यर्थ की चिंताओं से चिंतित रहेंगे।

**कुंभ** आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु आलस्य की अधिकता भी हो सकती है। व्यर्थ के क्रोध से बचें। साक्षात्कारादि में सफलता मिलेगी।

**मीन** संयत रहें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। किसी क्षेत्र में निवेश के अवसर प्राप्त होंगे।

# श्रीलंका के सबसे बड़े शिपयार्ड में भारत ने ली नियंत्रण हिस्सेदारी

## हिंद महासागर में नहीं चलेगी अब चीन की दादागीरी, देश ने बढ़ाया दबदबा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत की प्रमुख रक्षा क्षेत्र की सार्वजनिक कंपनी मुंबई स्थित मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (एमडीएल) ने श्रीलंका के सबसे बड़े शिपयार्ड, कोलंबो डॉकयार्ड पीएलसी (सीडीपीएलसी) में नियंत्रण हिस्सेदारी हासिल करने की घोषणा की है। यह सौदा 52.96 मिलियन अमेरिकी डॉलर (लगभग 452 करोड़ रुपए) का है। यह भारत की किसी सरकारी रक्षा शिपयार्ड कंपनी द्वारा किया गया पहला अंतरराष्ट्रीय अधिग्रहण होगा और इसके जरिए भारत को हिंद महासागर क्षेत्र में एक रणनीतिक उपस्थिति मिलेगी। यह भारत के सबसे बड़े शिपयार्ड द्वारा पहला अंतरराष्ट्रीय अधिग्रहण है। यह कंपनी पनडुब्बियों, युद्धपोतों और अन्य जहाजों का निर्माण करता है। यह कदम भारत को हिंद महासागर क्षेत्र में एक 'रणनीतिक पैर जमाने' में भी मदद करेगा। इस क्षेत्र में चीन अपनी बैठ बढ़ा रहा है। ऐसे में भारत के लिए यह डील बहुत ही महत्वपूर्ण है।



### 50 से अधिक वर्षों का अनुभव

सीडीपीएलसी के पास जहाज निर्माण, मरम्मत और भारी इंजीनियरिंग का 50 से अधिक वर्षों का अनुभव है। यह कंपनी जापान, नॉर्वे, फ्रांस, यूएई, भारत और कई अफ्रीकी देशों के लिए जटिल ऑफशोर सपोर्ट वेसल, केबल-लेइंग जहाज, टैंकर और गश्ती नौकाएं बना चुकी है।

***सौदा 4 से 6 माह में पूरा होगा:*** *मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड भारत की सबसे बड़ी रक्षा शिपयार्ड कंपनी है। इसने कोलंबो डॉकयार्ड में कम से कम 51% हिस्सेदारी हासिल करने के लिए समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। यह अधिग्रहण प्राथमिक पूंजी निवेश और द्वितीयक शेयर खरीद के संयोजन के माध्यम से किया जाएगा।*

### क्षेत्रीय समुद्री शक्ति वैश्विक शक्ति में बदलेगी

एमडीएल के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक कैप्टन जगमोहन ने बताया कि सीडीपीएलसी में नियंत्रण हिस्सेदारी का प्रस्तावित अधिग्रहण हमारे शिपयार्ड को एक क्षेत्रीय समुद्री शक्ति और आगे चलकर एक वैश्विक शिपबिल्डिंग कंपनी में बदलने की दिशा में एक 'गेटवे' है।

**NOTICE**

I, No. 3147648A Rank. HAV (H/NB SUB) Name. Puran Singh R/o Village Buradehar P.O. Buwana Teh. Julana Distt. Jind-126101 (Haryana) have declared that my services record wrongly mentioned my son Name Sumsher Singh and D.O.B. 25.04.1979 But her actual & Correct Name Shamsher Singh and D.O.B. 01.01.1983 vide affidavit dated 10.06.2025 attested by Executive Magistrate Julana.

**भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान खड़गपुर**
**INDIAN INSTITUTE OF TECHNOLOGY KHARAGPUR**

विज्ञापन संख्या : R/05/2025 दिनांक 12 जून, 2025


संस्थान पोस्ट **डॉक्टरल फेलो (पीडीएफ)** के पद के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है।

शैक्षिक योग्यता, आयु एवं अद्यतन जानकारी के लिए http://www.iitkgp.ac.in पर जाएं।

ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि : 31-07-2025

CBC 21255/12/0007/2526 कुलसचिव/Registrar

## शब्द पहेली - 5912




**बाएँ से दाए-**
1. सुरक्षित-4
4. माहुर, आलता-4
7. कार्य, काज-2
8. रांझे की प्रेमिका-2
9. स्याही, कालिख-2
10. भूमि, धरा-2
12. ठाठ-बाट-2
14. अधर, होठ-2
16. विशाल, श्रेष्ठ-3
18. आदेश, आज्ञा-4
20. कृष्ण भक्त एक मुस्लिम कवि-4
23. काका की पत्नी-2
24. कामदेव की पत्नी-2
25. जनवासा, हरम-4
28. हमसफर-4
30. कपड़े धोने वाला-3
33. आनंद, मौज-2
35. संदेह-2
37. सरूर, खुमार-2
39. मृत्यु का देवता-2
41. पुण्य का विलोम-2
42. परछाई, छाया-2
43. शिव, रुद्र, शंकर-4
44. सराबोर, सना हुआ-4

**ऊपर से नीचे**
1. समान, एक जैसा-2
2. बारीक-3
3. भीगा हुआ-2
4. मेरा (संस्कृत-2)
5. पाना, प्राप्त-3
6. घोड़ागाड़ी, गाड़ी-2
7. कहवा-2
11. उद्देश्य-2
12. गजल लिखनेवाला-3
13. उस जगह-2
15. बारिश, वर्षा-3
16. जी, चित-2
17. मर्द, आदमी-2
18. दरवेश-3
19. मध्य प्रदेश का एक क्षेत्र-3
21. साजन, प्रेमी-3
22. मुलायम-3
26. कायदा, कानून-3
27. महोदय (अंग्रेजी)-2
28. अधिकार-2
29. खटखटाना-3
31. जगत, दुनिया-2
32. प्राण, जीव-2
34. स्वाद-3
35. प्रतिज्ञा-3
36. शरीर, तन-2
38. संध्या, सांझ-2
40. अपशिष्ट पदार्थ-2
41. मस्तूल, नौका पर बांधा जाने वाला कपड़ा-2
42. संग, संगत-2

### शब्द पहेली -5911 का हल





## खबर संक्षेप

### गुजरात कांग्रेस उपाध्यक्ष का बेटा गिरफ्तार

**भरूच।** गुजरात कांग्रेस के उपाध्यक्ष हीरा जोतवा को भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तार किया है।



पुलिस ने कथित मनरेगा घोटाले के मामले में कांग्रेस नेता हीरा जोतवा और उनके बेटे दिग्विजय जोतवा समेत 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।सभी आरोपियों पर मनरेगा में सरकारी धन की हेराफेरी का आरोप है। सरकारी धन की हेराफेरी का बड़ा आरोप है।

### पूर्व सांसद के पीए को तलवारों से काटा

**लुधियाना।** यहां शिरोमणि अकाली दल के पूर्व सांसद जगदेव सिंह तलवंडी के पीए कुलदीप सिंह



मुंडियां को देर रात कार सवारों ने तलवारों से काट डाला। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। कुलदीप सिंह शुक्रवार की देर अपनी कार में फार्म हाउस से निकले थे। रास्ते में कार सवार आरोपियों ने उन्हें घेर लिया और मरदे दम तक मारते रहे।

### नवनिर्वाचित विधायक अरोड़ा को दिलाई शपथ

**चंडीगढ़।** पंजाब की लुधियाना पश्चिम विधानसभा सीट से नवनिर्वाचित विधायक संजीव अरोड़ा को शनिवार को विधानसभा अध्यक्ष ने शपथ दिलाई। अरोड़ा (61) ने लुधियाना पश्चिम विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार भारत भूषण आशु को 10,637 मतों के अंतर से हराया था। अरोड़ा को 35,179 मत मिले थे जबकि आशु को 24,542 मत प्राप्त हुए थे। भाजपा के जीवन गुप्ता को 20,323 मत और शिअद के उम्मीदवार परोपकार सिंह घुम्मण को 8,203 मत मिले थे।

### तेलंगाना ने राव को श्रद्धांजलि अर्पित की

**हैदराबाद।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी, उनके मंत्रिमंडल सहयोगियों और अन्य नेताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री पी वी नरसिंह राव को उनकी 104वीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया कि रेवंत रेड्डी ने नरसिंह राव की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की। राव तेलंगाना के रहने वाले थे। उपमुख्यमंत्री मल्लू भट्टी विक्रमार्क और अन्य मंत्रियों ने यहां राव की समाधि 'पीवी ज्ञान भूमि' पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

### राम मंदिर निर्माण जुलाई के अंत तक संभव : नृपेंद्र

**अयोध्या।** अयोध्या में राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने शनिवार को बताया कि मंदिर निर्माण का कार्य अपने अंतिम चरण में है और निर्माण से संबंधित सभी प्रमुख कार्यों के जुलाई के अंत तक पूरा होने की संभावना है। मंदिर निर्माण समिति की बैठक में भाग लेने अयोध्या पहुंचे मिश्र ने बताया कि मंदिर और उसके परकोटे के लिए 14 लाख घन फुट बंसी पहाड़पुर पत्थर की जरूरत थी।

---

*पीएम ने आचार्य विद्यानंद जी की जन्मशताब्दी समारोह को संबोधित किया*

# संतों के अमर विचारों के कारण भारत सबसे प्राचीन जीवंत सभ्यता है: मोदी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने शनिवार को दिल्ली में एक कार्यक्रम में जैन मुनि आचार्य विद्यानंद जी महाराज की 100वीं जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान पीएम ने उन्हें भारतीय परंपरा का आधुनिक प्रकाश स्तंभ बताया। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत को विकास और विरासत दोनों को साथ लेकर आगे बढ़ना है। इसी सोच के साथ सरकार देश के सांस्कृतिक और धार्मिक स्थलों का विकास कर रही है। पीएम मोदी ने आचार्य की विचारधारा और कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा



कि प्राकृत भाषा भगवान महावीर के उपदेशों की भाषा है, लेकिन समय के साथ इसकी उपेक्षा हुई। उन्होंने बताया कि सरकार ने प्राकृत भाषा को 'शास्त्रीय भाषा' का दर्जा दिया और भारत की प्राचीन पाण्डुलिपियों को डिजिटाइज करने का काम भी शुरू किया है। हमने आचार्य विद्यानंद जैसे संतों के प्रयासों को अब पूरे देश का प्रयास बना दिया है।

### नौ संकल्पों को दोहराया

पीएम ने एक जैन संत के प्रवचन का भी जिक्र किया। वे 'ऑपरेशन सिंदूर' को आशीर्वाद दे रहे थे। पीएम ने 9संकल्पों को दोहराया और लोगों से उनका पालन करने की अपील की। संकल्प हैं- पानी बचाना, मां की याद में एक पेड़ लगाना, स्वच्छता, 'वोकल फॉर लोकल', देश में अलग-अलग जगहों की यात्रा करना, प्राकृतिक खेती को अपनाना, सेहतमंद जीवनशैली।



### प्रधानमंत्री को 'धर्म चक्रवर्ती' की उपाधि प्रदान की

इस अवसर पर आयोजकों ने प्रधानमंत्री को 'धर्म चक्रवर्ती' की उपाधि प्रदान की। मोदी ने कहा कि मैं खुद को इस उपाधि के योग्य नहीं मानता, लेकिन यह हमारे संस्कार हैं कि संतों द्वारा दी गई हर चीज को प्रसाद समझकर स्वीकार किया जाता है। मैं इसे विनम्रतापूर्वक स्वीकार करता हूं और मां भारती को अर्पित करता हूं। यह दिन और भी खास है।

---

*केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने गुजरात में कार्यक्रम को किया संबोधित*

# वर्ष 2047 तक भारत को हर क्षेत्र में विश्व गुरु बनाने का संकल्प लें युवा

भाषा ▸▸ गोधरा

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को युवाओं से 2047 तक भारत को हर क्षेत्र में विश्व गुरु बनाने का संकल्प लेने का आह्वान किया। वर्ष 2047 में भारत की स्वतंत्रता के 100 वर्ष पूरे होंगे। शाह ने भारत के स्वतंत्रता संग्राम में आदिवासी नेता गोविंद गुरु के योगदान को भी याद किया और कहा कि उन्होंने ब्रिटिश शासन के दौरान क्षेत्र के लोगों की अंतरात्मा को जगाया।

शाह, वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस कार्यक्रम में गुजरात के पंचमहल जिले में गोधरा के पास



■ केंद्रीय मंत्री ने 125 करोड़ की लागत वाली विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया

विंजोल में श्री गोविंद गुरु विश्वविद्यालय के लिए 125 करोड़ रुपये की लागत वाली विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया गया। शाह ने गोविंद गुरु को भारत के स्वतंत्रता संग्राम का नायक बताते हुए कहा कि अंग्रेजों के खिलाफ उस संघर्ष में करीब 1,512 आदिवासी भाई-बहन शहीद हुए और गुजरात में मानगढ़ भारत की आजादी की लड़ाई के इतिहास में एक महत्वपूर्ण स्थान बन गया।" प्रधानमंत्री मोदी ने गोविंद गुरु की वीरता से प्रेरणा लेते हुए 2047 तक भारत को एक महान राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है। शाह ने कहा कि यह सभी के लिए महत्वपूर्ण बात है। हमारे युवाओं और बच्चों को एक ऐसा भारत बनाने का संकल्प लेना चाहिए, जहां देश अपनी आजादी की शताब्दी मनाए जाने पर दुनिया के हर क्षेत्र में प्रथम स्थान पर हो। मोदी ने गुजरात सीएम के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान इस विवि की स्थापना की कल्पना की थी।

---

'समाजवादी' और 'धर्मनिरपेक्ष' शब्दों की समीक्षा को लेकर उपराष्ट्रपति धनखड़ बोले

# संविधान की प्रस्तावना 'परिवर्तनशील नहीं' आपातकाल के दौरान 'बदलाव किया गया

उपराष्ट्रपति ने कहा कि संशोधन के माध्यम से इसमें समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष और अखंडता शब्द जोड़े गए थे।



हरिभूमि ब्यूरो/भाषा ▸▸ नई दिल्ली

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को कहा कि संविधान की प्रस्तावना "परिवर्तनशील नहीं" है। धनखड़ ने कहा कि भारत के अलावा किसी दूसरे देश में संविधान की प्रस्तावना में बदलाव नहीं किया गया।

उन्होंने कहा कि इस प्रस्तावना में 1976 के 42वें संविधान (संशोधन) अधिनियम के जरिये बदलाव किया गया था। उन्होंने कहा कि संशोधन के माध्यम से इसमें समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष₹ और अखंडता शब्द जोड़े गए थे। धनखड़ ने कहा कि हमें इस पर विचार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि बी. आर. आंबेडकर ने संविधान पर कड़ी मेहनत की थी और उन्होंने ₹निश्चित रूप से इस पर ध्यान केंद्रित किया होगा।₹ धनखड़ ने यह टिप्पणी यहां एक पुस्तक के विमोचन समारोह में की। उन्होंने यह टिप्पणी ऐसे समय में की है जब संघ ने बृहस्पतिवार को संविधान की प्रस्तावना में 'समाजवादी' और 'धर्मनिरपेक्ष' शब्दों की समीक्षा करने का आह्वान किया था। आरएसएस ने कहा था कि इन शब्दों को आपातकाल के दौरान शामिल किया गया था और ये कभी भी आंबेडकर द्वारा तैयार संविधान का हिस्सा नहीं थे।

कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों ने आरएसएस महासचिव दत्तात्रेय होसबाले के इस आह्वान की आलोचना की है कि इस मुद्दे पर राष्ट्रीय बहस होनी चाहिए कि 'धर्मनिरपेक्ष' व 'समाजवादी' शब्दों को संविधान की प्रस्तावना में रहना चाहिए या नहीं। उन्होंने इसे 'राजनीतिक अवसरवाद' और संविधान की आत्मा पर 'जानबूझकर किया गया हमला' करार दिया है।

### होसबाले के बयान से राजनीतिक विवाद खड़ा

होसबाले के बयान से राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है। इस बीच, संघ से संबद्ध पत्रिका में प्रकाशित एक लेख में कहा गया है कि सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले द्वारा संविधान की प्रस्तावना में 'समाजवादी' और 'पंथनिरपेक्ष' शब्दों की समीक्षा करने का आह्वान, इसे तहस-नहस करने के लिए नहीं है, बल्कि आपातकाल के दौर की नीतियों की विकृतियों से मुक्त होकर इसकी 'मूल भावना' को बहाल करने के बारे में है। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने संविधान की प्रस्तावना में समाजवादी और धर्मनिरपेक्ष शब्दों की समीक्षा करने के संघ के आह्वान का परोक्ष रूप से समर्थन किया।

---

**नागपुर में बोले सीजेआई गवई**

## एक संविधान के लिए धारा 370 हटाने का फैसला स्वीकार किया



एजेंसी ▸▸ नागपुर

देश के मुख्य न्यायाधीश ने जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाने के फैसले को लेकर बड़ा दावा किया। उन्होंने कहा कि देश को एकजुट रखने के एक ही संविधान की जरूरत है। हमने संसद द्वारा लिए गए धारा 370 को हटाने के फैसले को सर्वसम्मति से स्वीकार किया, ताकि देश में एक ही संविधान चले। देश के एक राज्य में अलग संविधान बाबा साहेब आंबेडकर की विचारधारा के अनुरूप नहीं था। उन्होंने कहा कि संविधान के केंद्रीकृत होने को लेकर आंबेडकर की खूब आलोचना की गई थी। बाबा साहेब ने कहा था कि हम देश को सभी चुनौतियों के लिए उपयुक्त संविधान दे रहे हैं और मैं आपको आश्वस्त कर सकता हूं कि यह युद्ध और शांति के समय में देश को एकजुट रखेगा।

### सुनवाई के दौरान डॉ. आंबेडकर के शब्द याद आ गए

डॉ. भीमराव आंबेडकर भी पूरे देश के लिए एक संविधान चाहते थे। उन्होंने यह भी कहा कि आर्टिकल 370 पर सुनवाई के दौरान उन्हें डॉ. आंबेडकर के शब्द याद आ गए थे। सीजेआई गवई नागपुर में संविधान प्रस्तावना पार्क के उद्घाटन के मौके पर संबोधित कर रहे थे। इससे पहले मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने कहा कि संविधान ने सरकार के तीन अंगों विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका की सीमाएं तय की हैं। कानून बनाना विधायिका और राज्य विधानसभाओं की जिम्मेदारी है, जबकि कार्यपालिका संविधान और कानून के ढांचे के भीतर काम करती है।

---

# जम्मू-कश्मीर के दौरे पर संसदीय समिति पहुंची

एजेंसी ▸▸ श्रीनगर

जम्मू कश्मीर के पहलगाम स्थित बैसरन घाटी में हुए दर्दनाक आतंकी हमले के बाद अब एक संसदीय समिति वहां दौरा करने पहुंची। कमेटी के मेंबर सुबह जम्मू से वैष्णो देवी धाम पहुंचे। यह इस हमले के बाद पहला आधिकारिक दौरा होगा, जिसका उद्देश्य जमीनी हालात की समीक्षा करना और प्रशासनिक व सुरक्षा उपायों का जायजा लेना है। यह दौरा कोयला, खान और इस्पात से संबंधित संसदीय स्थायी समिति द्वारा किया जा रहा है, जिसकी अध्यक्षता वरिष्ठ भाजपा सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर कर रहे हैं। समिति का यह विस्तृत दौरा मुंबई, कूर्ग और श्रीनगर जैसे शहरों को कवर करेगा। इसके बाद वह पहलगाम का दौरा भी कर सकते हैं।

### जम्मू : डीजीपी ने की अमरनाथ यात्रा की तैयारियों की समीक्षा

जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) नलिन प्रभात ने आगामी अमरनाथ यात्रा के लिए सुरक्षा व्यवस्था और प्रशासनिक तैयारियों की समीक्षा की तथा जोखिम को कम करने एवं तीर्थयात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए मानक संचालन प्रक्रियाएं (एसओपी) लागू करने पर जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों को उन्नत प्रौद्योगिकियों और 'वास्तविक समय' निगरानी पद्धति से निरीक्षण बढ़ाने और खतरे का पता लगाने की क्षमताओं का विस्तार करने का भी निर्देश दिया। बैठक के दौरान डीजीपी ने एसओपी के कार्यान्वयन के लिए निर्देश जारी किए तथा जोखिम को कम करने तथा यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न उपायों के महत्व पर बल दिया।

---

# आरोपियों के तृणमूल कांग्रेस से संबंध, ममता इस्तीफा दें: भाजपा

**नई दिल्ली(ब्यूरो)।** भाजपा ने पबंगाल सामूहिक दुष्कर्म के मामले में राज्य की टीएमसी सरकार पर हमला बोला। भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने एक प्रेस



कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि जिस राज्य की सीएम एक महिला हैं, वहां महिलाओं के प्रति संवेदनशीलता होनी चाहिए, लेकिन वहां इतनी असंवेदनशीलता और निर्दयता क्यों है? पीड़िता ने जो बयान दिया है, उससे साफ पता चलता है कि सामूहिक दुष्कर्म की यह घटना कहीं न कहीं राज्य प्रायोजित है। भाजपा ने कहा कि हम सामूहिक दुष्कर्म की घटना को लेकर ममता से स्पष्टीकरण नहीं मांग रहे हैं बल्कि हम उनसे माफी मांगने और सीएम पद से इस्तीफा देने की मांग करते हैं। उन्होंने कहा कि पीड़िता को हॉकी से पीटा गया। जिस तरह से डरावनी फिल्मों में शैतान महिलाओं के साथ सलूक करते हैं, वैसा ही सलूक टीएमसी के गुंडों ने पीड़िता के साथ किया। वे उसे अस्पताल लेकर नहीं गए।

---

**मणिपुर में नई सरकार की कवायद तेज**

## विधायकों के साथ चल रहीं बैठकें, जल्द बनेगी नई सरकार

एजेंसी ▸▸ इंफाल

मणिपुर के पूर्व मुख्यमंत्री एन.बीरेन सिंह ने शनिवार को कहा कि राज्य में



एक बार फिर से लोकप्रिय सरकार बनाने की कोशिशें चल रही हैं। इस समय मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लागू है। भाजपा के राज्य कार्यालय में एक कार्यक्रम से इतर सिंह ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि राज्य में जल्द ही एक नई सरकार बनेगी।

### बीरेन बोले-हमारा फोकस संकट पर

बीरेन ने कहा हम जल्द सरकार बनाने की कोशिश कर रहे हैं। जमीनी स्थिति को देखने के बाद मुझे पूरा भरोसा है कि सरकार जल्द बनेगी। भाजपा और उसके सहयोगी भी एक लोकप्रिय सरकार चाहते हैं। हम लोकप्रिय सरकार की वापसी के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा, हमने (भाजपा) किसी की आलोचना नहीं की है। हम केवल मौजूदा संकट पर फोकस कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार और संबंधित अधिकारियों से बातचीत जारी है।

---

**स्कूलों में किया गया शुरू**

## केरलः जुंबा डांस पर मुस्लिम संगठनों ने जताई आपत्ति

एजेंसी ▸▸ तिरुवनंतपुरम

केरल के स्कूलों में छात्रों का तनाव कम करने शुरू किए गए जुंबा डांस कार्यक्रम



को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। मुख्यमंत्री पिनराई विजयन की पहल पर यह फिटनेस प्रोग्राम लागू किया गया था, ताकि स्कूली छात्रों में बढ़ते तनाव को कम किया जा सके और नशे की लत जैसी समस्याओं से उन्हें दूर रखा जा सके। लेकिन इस कदम पर राज्य के कुछ मुस्लिम संगठनों ने कड़ी आपत्ति जताई है।

### एक साथ डांस में नैतिकता होगी प्रभावित

मुख्यमंत्री ने हाल ही में सुझाव दिया था कि कक्षा 8 से जुंबा सत्र स्कूलों में लागू किए जाएं। इसके बाद शिक्षा विभाग ने शिक्षकों को जुंबा की ट्रेनिंग देने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी थी। लेकिन कुछ मुस्लिम संगठनों का कहना है कि यह कदम छात्रों की नैतिकता को प्रभावित कर सकता है, विशेषकर तब जब लड़के और लड़कियां एक साथ यह डांस करते हैं।

---

## रथयात्रा में पत्नी संग पहुंचे अडाणी

**शुरू की 'प्रसाद सेवा', अपने हाथों से बनाया**



पुरी। बिजनेस मैन गौतम अडानी ने पुरी में जगन्नाथ रथ यात्रा में हिस्सा लिया। अडानी परिवार के साथ2 दिन तक पुरी में रहेंगे।। समूह ने पुरी धाम में 'प्रसाद सेवा' शुरू की है। ये प्रसाद 26 जून से 8 जुलाई तक रथ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की 'सेवा' के लिए है। अडानी ने मंदिर में पूजा-अर्चना की। उन्होंने अपनी पत्नी प्रीति के साथ मंदिर परिसर में प्रसाद भी अपने हाथों से बनाया।

---

**हिमाचल में भारी बारिश ने प्रदेशभर में मचाई तबाही**

# 31 की मौत, कई लापता और 53 सड़कें बंद

**29.16 करोड़ का नुकसान सप्ताह भर में ◆ 66 लोग अब तक घायल**

135 बिजली ट्रांसफार्मर और 147 पेयजल योजनाएं ठप

एजेंसी ▸▸ शिमला

हिमाचल प्रदेश में मानसून की भारी बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। राज्य आपातकालीन संचालन केंद्र की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार हिमाचल में 20 जून को मानसून आने के बाद से 27 जून तक 31 लोगों की मौत हो चुकी है। 4 लोग लापता हैं, जबकि 66 लोग घायल हुए हैं।

इसमें सांप के काटने, डूबने, सड़क हादसों के अलावा पानी में बहे लोगों के आंकड़े भी शामिल हैं। भारी बारिश से प्रदेश को सप्ताह में ही 29.16 करोड़ का नुकसान हो चुका है। सबसे ज्यादा नुकसान लोक निर्माण विभाग को 2 करोड़ 743.40 लाख का हुआ है। 6 घर पूरी तरह से तबाह हो गए हैं जबकि 8 क्षतिग्रस्त हुए हैं। 7 दुकानें और 8 गौशालाएं को भी पानी बहा कर ले गया है, जिनमें 37 पशु पक्षी भी बहे हैं। बारिश से लोगों को काफी नुकसान उठाना पड़ा है।



प्रदेश भर में 53 सड़कें यातायात के लिए बंद हो चुकी हैं। 135 बिजली ट्रांसफार्मर और 147 पेयजल योजनाएं ठप होने से हजारों लोगों की दिनचर्या प्रभावित हो रही है। राज्य में सबसे अधिक नुकसान कुल्लू जिले में दर्ज किया गया है, जहां 23 सड़कें बंद हैं। निरमंड और आनी उपमंडलों में जलापूर्ति और बिजली व्यवस्था ठप गई है। जिले में 74 ट्रांसफार्मर और 118 पेयजल योजनाएं काम नहीं कर रही हैं। वहीं मंडी जिले में 16 सड़कें बंद हैं और 59 ट्रांसफार्मर ठप हैं। किन्नौर में 33 पेयजल योजनाएं प्रभावित हैं।

### केरल में भारी बारिश, ऑरेंज अलर्ट जारी

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के विभिन्न भागों में भारी बारिश के कारण कई नदियों में पानी खतरनाक स्तर तक बढ़ गया, जिसके कारण निचले इलाकों और नदी तटों पर रहने वाले सैकड़ों लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। कुछ बांधों के फाटक भी अतिरिक्त पानी निकालने के लिए दिन में खोले गए। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने राज्य के सात जिलों में आज के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

**उत्तराखंड में बारिश का कहर**



### नदी-नाले उफने, पानी घरों में घुसा ऋषिकेश का रास्ता बना खतरनाक

**ऋषिकेश।** यहां वर्षा के जलते नदी नाले उफान पर आ गए। विभिन्न स्थानों पर जलभराव है। ऋषिकेश मार्ग में भी जगह-जगह जल भराव एवं भारी मलबा आ गया। इसके अलावा एयरपोर्ट के अंदर से आया पानी लोगों के घरों मे घुस गया। घर में रखा सामान भीग गया और उन्हें नुकसान उठाना पड़ा। मोलधार अठुरवाला में बनी पुलिया के नीचे कूड़ा व बरसाती मलबा भर जाने से बरसाती पानी ओवरफ्लो हो गया और घरों व दुकानों के आसपास भर गया। सुसवा नदी उफान पर दिखी।

---

**डब्ल्यूएचओ ने भारत सरकार को सराहा**

# देश को बड़ी 'कामयाबी' मिली 'जीरो-डोज' वाले बच्चों में कमी

भाषा ▸▸ नई दिल्ली

जीवनभर आपको कई प्रकार की गंभीर और संक्रामक बीमारियों के खतरे से बचाने में बचपन के टीकाकरण की अहम भूमिका है। इस दिशा में भारत सरकार द्वारा किए गए प्रयासों के अच्छे परिणाम सामने आए हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से कहा गया है कि सरकार के सक्रिय, समावेशी दृष्टिकोण के चलते 'जीरो डोज चिल्ड्रेन' की दर में कमी आई है।

भारत में कुल जनसंख्या में शून्य खुराक वाले बच्चों का प्रतिशत 2023 में 0.11 प्रतिशत से घटकर 2024 में 0.06 प्रतिशत रह गया है, जो देश को बच्चों के स्वास्थ्य के क्षेत्र में वैश्विक उदाहरण के रूप में स्थापित करता है। बाल मृत्यु दर अनुमान के लिए संयुक्त राष्ट्र अंतर-एजेंसी समूह की 2024 की रिपोर्ट में यह जानकारी सामने आई है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार, शून्य खुराक वाले बच्चों को ऐसे बच्चों के रूप में परिभाषित किया



**संयुक्त राष्ट्र अंतर-एजेंसी समूह की 2024 की रिपोर्ट में दावा**

जाता है, जिनके माता-पिता की नियमित टीकाकरण सेवाओं तक पहुंच नहीं होती है या फिर जिन्हें कभी भी टीकाकरण सेवाएं नहीं मिल पाती। इन बच्चों को डीटीपी (डिप्थीरिया-टेटनस-पर्टुसिस) की पहली खुराक तक नहीं मिलती है। मंत्रालय ने ऐसे बच्चों की संख्या में आई गिरावट का श्रेय सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम (यूआईपी) के माध्यम से टीकाकरण के प्रति भारत की अटूट प्रतिबद्धता को दिया। सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम में सालाना 2.9 करोड़ गर्भवती महिलाओं और 2.6 करोड़ शिशुओं (0-1 वर्ष) को निशुल्क टीकाकरण सेवाएं दी जाती हैं।

**चीन के किंगदाओ (चिंगदाओ) शहर में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) का शिखर सम्मेलन 25 और 26 जून को आयोजित किया गया। एससीओ सम्मेलन में चीनी नेतृत्व में तैयार संयुक्त वक्तव्य में पहलगाम में हुए आतंकी हमले का जिक्र नहीं होने पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने उस पर हस्ताक्षर करने से इनकार कर दिया। नतीजा यह हुआ कि एससीओ का संयुक्त घोषणा पत्र जारी नहीं हो सका। लेकिन इस सबमें जहां आतंकवाद को लेकर चीन का दोगलापन व पाक प्रेम फिर से उजागर हुआ, वहीं भारत का कड़ा रुख सामने आया। भारत ने चीन व पाकिस्तान समेत एससीओ सदस्य देशों को स्पष्ट संदेश दिया कि आतंकवाद के खिलाफ नई दिल्ली की जीरो टॉलरेंस की नीति है और एससीओ अपने लक्ष्य से विमुख नहीं हो सकता है। एससीओ की प्रस्तावना में आतंकवाद के खिलाफ एकजुट लड़ाई की बात है। सबसे हैरान करने वाली बात है कि वो रूस एससीओ के चीनी संयुक्त घोषणा पत्र में भारतीय हितों की अनदेखी पर चुप रहा, जिसने इस समूह में भारत को शामिल कराने के लिए वकालत की थी। अभी भारत व पाक के बीच सैन्य संघर्ष के दौरान भी अमेरिका व रूस के आचरण भारत की प्रतिष्ठा के अनुरूप नहीं रहे। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि क्या भारत की विदेश नीति ठहर गई है? आजकल के ताजा अंक में पेश है एक विश्लेषण...**

# विदेश नीति में 'स्टैंड' लेने का वक्त



**एससीओ सम्मेलन**
प्रभात कुमार रॉय
विदेश मामलों के जानकार

**भारतीय प्रतिनिधिमंडल द्वारा जब तैयार किए गए संयुक्त वक्तव्य दस्तावेज की बाकायदा समीक्षा की गई तो उसको स्पष्टतया प्रतीत हुआ कि यह अत्यंत पक्षपातपूर्ण और असंतुलित तौर से तैयार किया गया है। भारत के मुताबिक इस दस्तावेज में विगत 22 अप्रैल को कश्मीर के पहलगाम में यात्रियों पर अंजाम दिए गए नृशंस आतंकवादी आक्रमण को पूरी तरह से नजरअंदाज करके उसे एकदम दरकिनार कर दिया गया है। भारतीय प्रतिनिधिमंडल के लीडर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस तैयार किए गए संयुक्त वक्तव्य पर हस्ताक्षर करने से स्पष्ट इनकार कर दिया। परिणामस्वरूप इस दफा एससीओ सम्मेलन कोई संयुक्त घोषणा पत्र (जॉइंट डिक्लेरेशन) भी जारी नहीं कर सका।**

चीन के किंगदाओ (चिंगदाओ) नगर में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) का एक शिखर सम्मेलन 25 और 26 जून को आयोजित किया गया। एससीओ सम्मेलन में सदस्य देशों द्वारा एक संयुक्त वक्तव्य तैयार किया गया। संयुक्त वक्तव्य का मकसद निरूपित किया गया कि एससीओ देशों में संयुक्त सुरक्षा प्रबंधन, परस्पर आर्थिक सहयोग और वैश्विक आतंकवाद के विरुद्ध एक संयुक्त और कारगर रणनीति का ऐलान करना है। भारतीय प्रतिनिधिमंडल द्वारा जब तैयार किए गए संयुक्त वक्तव्य दस्तावेज की बाकायदा समीक्षा की गई तो उसको स्पष्टतया प्रतीत हुआ कि संयुक्त वक्तव्य दस्तावेज को अत्यंत पक्षपातपूर्ण और असंतुलित तौर से तैयार किया गया है। भारत के मुताबिक इस दस्तावेज में 11 मार्च को पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में जफर एक्सप्रेस के अपहरण कांड की वारदात का एक आतंकवादी वारदात के तौर पर बाकायदा उल्लेख किया गया है, लेकिन विगत 22 अप्रैल को कश्मीर के पहलगाम में यात्रियों पर अंजाम दिए गए नृशंस आतंकवादी आक्रमण को पूरी तरह से नजरअंदाज करके उसे एकदम दरकिनार कर दिया गया है।




## संयुक्त वक्तव्य पर हस्ताक्षर से इनकार

एससीओ सम्मेलन में भारतीय प्रतिनिधिमंडल के लीडर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस तैयार किए गए पक्षपातपूर्ण संयुक्त वक्तव्य पर हस्ताक्षर करने से इनकार कर दिया। एससीओ सम्मेलन को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि आतंकवाद एक वैश्विक समस्या है और वैश्विक आतंकवाद को किसी भी एक मुल्क के नजरिए से कदाचित देखा और परखा नहीं जा सकता। भारतीय रक्षा मंत्री ने स्पष्ट तौर पर फरमाया कि आतंकवादी वारदातों को कदापि नहीं रोका जा सकता, जब तक कि सभी आतंकवादी वारदातों को निष्पक्षता के साथ देखा और समझा नहीं जाएगा। राजनाथ सिंह ने आगे कहा कि भारत का स्पष्ट नजरिया है कि पक्षपातपूर्ण रवैये और संकीर्णतापूर्ण राजनीतिक और रणनीतिक दृष्टिकोण द्वारा वैश्विक आतंकवाद के विरुद्ध कामयाबी के साथ कोई भी सामूहिक संघर्ष कदापि अंजाम नहीं दिया जा सकता। इसी कारण से भारत ने संयुक्त वक्तव्य दस्तावेज पर दस्तखत करने से साफ इनकार कर दिया। भारतीय रक्षा मंत्री एससीओ सम्मेलन में जब तकरीर कर रहे थे, उस वक्त पाकिस्तान के रक्षा मंत्री जनाब ख्वाजा मोहम्मद आसिफ सम्मेलन में विद्यमान थे। अतः भारत द्वारा संयुक्त वक्तव्य पर दस्तखत नहीं किए जाने के परिणामस्वरूप इस दफा एससीओ सम्मेलन कोई संयुक्त घोषणा पत्र (जॉइंट डिक्लेरेशन) भी जारी नहीं कर सका। क्योंकि एससीओ चार्टर के प्रावधान के तहत सभी सदस्य देशों की संपूर्ण सहमति से ही कोई संयुक्त वक्तव्य और संयुक्त घोषणा पत्र जारी किया जा सकता है। उल्लेखनीय है कि एससीओ की स्थापना सन् 1991 में सोवियत संघ के विघटन के तत्पश्चात 26 अप्रैल सन 1996 में चीन के शंघाई नगर में आयोजित एक सम्मेलन में की गई थी। इसमें रूस, चीन, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान और तजाकिस्तान द्वारा शिरकत की गई थी। शंघाई सम्मेलन में संयुक्त तौर पर इन देशों द्वारा परस्पर सरहदी विवादों को निपटाया गया था। प्रारंभ में इस एससीओ ग्रुप को शंघाई फाइव के नाम से स्थापित किया गया था। भारत, ईरान, पाकिस्तान सन् 2005 से निरंतर एससीओ सम्मेलनों में पर्यवेक्षक देशों के तौर पर शिरकत करते रहे।

## रूस का भारत को एकतरफा समर्थन नहीं

2017 में भारत और पाकिस्तान को एससीओ का सदस्य बनाया गया। 2019 में जब भारत ने आर्टिकल 370 को निरस्त किया, रूस ने भारत का प्रबल समर्थन किया। सन् 2023 एससीओ में ईरान को सदस्य बनाया गया। वस्तुतः नीतिगत और कूटनीतिक तौर से एससीओ पर चीन और रूस का निर्णायक प्रभाव कायम रहा है। परम्परागत तौर से रूस सदैव भारत का प्रबल रणनीतिक और कूटनीति पक्षधर देश रहा। एससीओ में चीन के प्रभाव को संतुलित करने के उद्देश्य से ही रूस की पहल पर भारत को एससीओ में शामिल किया गया था। दुर्भाग्य से पाकिस्तान द्वारा प्रेरित और प्रायोजित पहलगाम हत्याकांड के प्रतिशोध में भारतीय सेना द्वारा संचालित ऑपरेशन सिंदूर के दौर में रूस द्वारा भारत को एकतरफा समर्थन प्रदान नहीं किया गया। वरन रूस ने भारत और पाकिस्तान के मध्य सैन्य संघर्ष में मध्यस्थता करने की पेशकश की। फरवरी 2022 से प्रारंभ हुए यूक्रेन-रूस युद्ध के दौर में भारत द्वारा रूस का एक तरफा समर्थन नहीं किया गया। रूस-यूक्रेन युद्ध को समाप्त कराने के लिए भारत ने मध्यस्थता का प्रस्ताव पेश किया। रूस द्वारा भी भारत को कूटनीतिक प्रत्युत्तर देते हुए भारत का समर्थन करने के स्थान पर भारत-पाक युद्ध रुकवाने के लिए मध्यस्थता करने की पेशकश कर दी। एससीओ सम्मेलन में वस्तुतः चीन द्वारा संयुक्त वक्तव्य का दस्तावेज तैयार किया गया और रूस और अन्य सहयोगियों की सहमति ली गई। अतः चीन की पहल पर तैयार किए गए दस्तावेज में भारत पर अंजाम दिए गए नृशंस आतंकवादी आक्रमण का तो कदाचित उल्लेख नहीं किया गया, किंतु बलूचिस्तान में जफर एक्सप्रेस के अपहरण को आतंकवादी वारदात करार देकर, उसका बाकायदा उल्लेख किया गया। भारत के लिए कूटनीतिक तौर पर दुर्भाग्यपूर्ण है कि रूस पहले की तरह अब भारत का प्रबल पक्षधर प्रतीत नहीं हो रहा है।

## पाक को चीन और रूस का सहारा

ऐसा प्रतीत होता है कि रूस-यूक्रेन युद्ध के दौर में रूस किसी हद तक चीन के रणनीतिक और कूटनीतिक प्रभाव में आ चुका है। ऑपरेशन सिंदूर के दौर में चीन वस्तुतः भारत का धुर विरोधी और पाकिस्तान का प्रबल समर्थक बनकर उभरा है। तकरीबन साढ़े तीन वर्ष से रूस-यूक्रेन युद्ध निरंतर जारी है। चीन द्वारा रूस को आधुनिकतम सैन्य हथियारों की निरंतर आपूर्ति की जा रही है। विश्व पटल पर एकदम अलग-थलग पड़े हुए पाकिस्तान को रूस और चीन दोनों का सहारा मिल रहा है। यहां तक कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के परम मित्र करार दिए जाने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प भी भारत और पाकिस्तान को एक ही तराजू में तोलने पर उतारू हो गए हैं। यकीनन अघोषित तौर पर कोल्ड वार के नए दौर की शुरुआत हो चुकी है। अब विश्व दो परस्पर विरोधी सैन्य खेमों में विभाजित हो चुका है। गुट निरपेक्ष भारत के लिए बड़ी कूटनीतिक परीक्षा का यह कठिन दौर है। विश्व पटल पर अत्यधिक संतुलनवादी विदेश नीति अपनाते हुए भारतीय कहीं अकेला तो नहीं पड़ रहा है? शिखर सम्मेलन में नौ सदस्य देशों ने शिरकत की। अफगानिस्तान और बेलारूस और मंगोलिया शिखर सम्मेलन में पर्यवेक्षक देश के तौर पर उपस्थित रहे। एससीओ सम्मेलन द्वारा वैश्विक आतंकवाद के ज्वलंत प्रश्न पर पाखंडपूर्ण और दोगली कार्य नीति और रणनीति अख्तियार करने के विरोध में भारत का समर्थन करने और साथ देने के लिए एक भी सदस्य मुल्क आगे नहीं आया। कैसी विचित्र विडंबना है कि पाकिस्तान सरीखा मुल्क जोकि दशकों से वैश्विक आतंकवाद का सबसे बड़ा गढ़ बना रहा है, जिसकी सरजमीं पर जिहादी दहशतगर्दों के सरगना ओसामा बिन लादेन की परवरिश हुई और अलकायदा ने परवान चढ़कर सारी दुनिया में तबाही मचाई है। पहलगाम में नृशंस हत्याकांड अंजाम देने वाले रेजिस्टेंस फ्रंट द्वारा अपना गहरा ताल्लुक लश्कर तैयबा के साथ स्वीकारा है। लश्कर ए तैयबा को संयुक्त राष्ट्र द्वारा वैश्विक आतंकवादी संगठन घोषित किया जा चुका है और जिसको सदैव पाकिस्तान ने पाला पोसा और उसकी तरबीयत की गई है। अब वह पाकिस्तान एससीओ की नजर में आतंकवाद का शिकार एक मुल्क बन गया है। भारत जो कि अनेक दशक से जिहादी आतंकवाद के नृशंस निशाने पर बना रहा है, उस भारत के गहरे ज़ख्मों को जानने और समझने के लिए एससीओ के सदस्य देश तैयार नहीं हैं।

## गंभीर मुद्दों को नजरअंदाज करने की कोशिश

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा चीन जाकर एससीओ सम्मेलन में शिरकत करने की एक उपलब्धि अवश्य हो गई है। इस अवसर पर भारत और चीन के मध्य कूटनीति की एक नई इबारत खुलती दिखाई दे रही है। राजनाथ सिंह और उनके समकक्ष चीन के रक्षा मंत्री एडमिरल डोंग जून के मध्य हुई बैठक में सीमा विवाद का समाधान, शांति बहाली और भारत-चीन संबंधों को फिर से सामान्य करने को लेकर चार अहम बिंदुओं पर चर्चा हुई। इस दौरान कैलाश मानसरोवर यात्रा के पुन प्रारंभ होने पर प्रसन्नता व्यक्त की गई तो वहीं पाकिस्तान द्वारा समर्थित जिहादी आतंकवाद पर भारत ने चीन को दो-टूक पैगाम भी दे दिया। रक्षा मंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर को भारत की सैद्धांतिक रणनीति करार दिया और यह वक्तव्य ऐसे वक्त में आया जबकि एससीओ द्वारा संयुक्त दस्तावेज में वैश्विक आतंकवाद से जुड़े गंभीर मुद्दों को नजरअंदाज करने की कोशिश की गई। उल्लेखनीय है कि इन दिनों भारत और चीन की सरहद पर देपसांग और डेमचौक इलाकों में डिसएंगेजमेंट डील को आखिरी रूप प्रदान किया जा रहा है। चीन और भारत के रक्षा मंत्रियों की मुलाकात से पहले ब्रिक्स के शिखर सम्मेलन में चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मुलाकात हो चुकी थी।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने स्पष्ट तौर पर कहा कि भारत अपनी सरहद पर शांति और सुरक्षा स्थापित करना चाहता है किंतु अपने बुनियादी सिद्धांतों के खिलाफ जाकर कदापि कोई समझौता नहीं करेगा। अब आगे देखना होगा कि विस्तारवादी फितरत का देश चीन चार पाइंट फार्मूले पर कितना अमल अंजाम देता है। वैश्विक पटल पर आज के बेहद मुश्किल दौर में भारत को अपनी विदेश नीति एवं कूटनीति पर क्या फिर से विचार नहीं करना चाहिए? वैश्विक सैन्य संघर्ष पर भारत की तटस्थ खामोशी भारत के राष्ट्रीय हितों के लिए क्या घातक सिद्ध नहीं हो रही है? हमास बनाम इजरायल जंग में भारत का इजरायल के पक्ष में बयान आतंकवाद के खिलाफ भारतीय नीति का प्रतिफल था। गाजा पर हमास का शासन अवैध है, हमास एक आतंकी गुट है, इसलिए हमास के कृत्य का समर्थन संभव नहीं है। इसलिए जब भी संयुक्त राष्ट्र के पटल पर गाजा में युद्ध विराम करने के प्रस्ताव पेश किए गए, भारत ने मतदान का बॉयकॉट किया। अमेरिका की कयादत में नाटो सैन्य संगठन द्वारा वस्तुतः यूक्रेन को एक मोहरा बनाकर एक सैन्य युद्ध रूस पर थोप दिया गया। भारत द्वारा रूस-यूक्रेन युद्ध पर नाटो ताकत का विरोध ना करके केवल शांति का पैगाम और केवल फरमाया कि आज का दौर यूद्ध का नहीं है वरन विकास का दौर है। परिणाम क्या रहा कि विश्व पटल पर सबसे भरोसेमंद दोस्त रूस को भारत ने तकरीबन चीन के हाथों गंवा दिया है।

# आतंकवाद पर चीन को भारत का सख्त संदेश



**कूटनीति**
अरविंद जयतिलक
वरिष्ठ स्तंभकार

संघाई को-ऑपरेशन ऑर्गनाइजेशन (एससीओ) सम्मेलन के जरिए भारत ने एक बार फिर आतंकवाद के खिलाफ जमकर हमला बोला है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एससीओ के संयुक्त बयान के ड्राफ्ट पर हस्ताक्षर करने से इनकाार करके कड़ा संदेश दिया है कि आतंकवाद के मसले पर दोहरा रवैया बर्दाश्त नहीं है। उन्होंने संयुक्त बयान के ड्राफ्ट पर सवाल उठाते हुए कहा कि यह मसौदा भारत की आतंकवाद-विरोधी नीति और क्षेत्रीय सुरक्षा के प्रति दृष्टिकोण को कमजोर करता है। उन्होंने सीमापार आतंकवाद को बढ़ावा देने वाले पाकिस्तान का नाम लिए बिना ही जमकर लताड़ लगाते हुए कहा कि जो देश आतंकवाद को बढ़ावा देंगे, उन्हें उसका खामियाजा भुगतना होगा। उन्होंने भारत की जीरो टॉलरेंस की नीति को स्पष्ट करते हुए कहा कि पहलगाम पर हुए आतंकी हमले के जवाब में ही भारत ने ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया। आतंकवाद पर दोहरे मानदंड को खत्म करना बेहद जरूरी है और एससीओ जैसे मंच को ऐसी ताकतों की खुलेआम आलोचना करनी चाहिए। उल्लेखनीय है कि एससीओ के संयुक्त बयान में पहलगाम आतंकी हमले को जगह नहीं दी गई जबकि इसी संयुक्त बयान में पाकिस्तान में जाफर एक्सप्रेस पर हुए हमले को भरपूर तवज्जो दी मिली है।

## चीन-पाकिस्तान की मिलीभगत

मतलब साफ है कि यह कारस्तानी चीन और पाकिस्तान की मिलीभगत से हुआ है। ऐसे में अगर भारत ड्राफ्ट के मौजूदा स्वरुप पर ऐतराज जताता है तो यह उचित ही है। भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने मेजबान देश चीन और आतंकी देश पाकिस्तान दोनों को दो टूक सुना दिया कि जब तक संयुक्त बयान में आतंकवाद पर चिंता का जिक्र नहीं होगा, तब तक भारत को यह ड्राफ्ट स्वीकार नहीं होगा। गौर करें तो यह पहली बार नहीं है जब भारत ने एससीओ के मंच से आतंकवाद के मसले पर चीन-पाकिस्तान की कड़ी घेराबंदी की है। वर्ष 2024 में भी पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में आयोजित एससीओ सम्मेलन में भारतीय विदेशमंत्री एस जयशंकर ने बिना नाम लिए मेजबान देश पाकिस्तान को जमकर लताड़ा था। उन्होंने पाकिस्तान और चीन पर तंज कसते हुए कहा था कि एक अच्छे पड़ोसी के धर्म निभाए जाने की कमी है तो खुद के भीतर झांकने की जरूरत है। तब विदेशमंत्री जयशंकर ने चीन की महत्वाकांक्षी 'वन बेल्ट वन रोड' पहल का समर्थन करने से भी इनकार कर दिया था। उन्होंने भारत का रुख स्पष्ट करते हुए कहा कि पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में उसकी इजाजत के बिना किसी भी तरह का निर्माण उसकी संप्रभुता का उल्लंघन है और चीन ऐसा ही कर रहा है।

## आतंकवाद पर दोहरा आचरण

चीन को समझना होगा कि जब तक वह आतंकवादी देश पाकिस्तान को प्रश्रय देना बंद नहीं करेगा, तब तक वह आतंकवाद के मसले पर फजीहत झेलता रहेगा। रही बात एससीओ के भविष्य की तो यह काफी कुछ इस पर निर्भर रहेगा कि आतंकवाद और क्षेत्रीय संप्रभुता के मसले पर



इस संगठन का रवैया क्या रहता है। वैसे हर बार की तरह इस बार भी सम्मेलन में क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा समेत कई मसलों पर चर्चा हुई। लेकिन आतंकवाद पर जिम्मेदार देशों के दोहरे आचरण से उनका असली चेहरा सामने आ गया। इस सम्मेलन के जरिए भारत एक बार फिर जिम्मेदार वैश्विक भूमिका में दिखा जिसकी चतुर्दिक सराहना हो रही है। यह भारत के पक्ष में जाता है और यही कारण है कि उसकी भूमिका बढ़ रही है। अगर एससीओ की भूमिका सकारात्मक रहती है तो भारत की प्रभावी भूमिका से इस क्षेत्र में उभर रही आतंकी गतिविधियों, अंतरराष्ट्रीय खतरों, अवैध ड्रग कारोबार, जैसी चुनौतियों से निपटने और सदस्य देशों को गोलबंद करना आसान होगा। भारत की सदस्यता से पहले संगठन के सदस्य राष्ट्रों का कुल क्षेत्रफल 30 मिलियन 189 हजार वर्ग किमी और जनसंख्या तकरीबन 1.5 बिलियन था। अब भारत के जुड़ जाने से संगठन का क्षेत्रफल व जनसंख्या व्यापक हो गया है। आज की तारीख में यह संगठन विश्व की तकरीबन आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करने वाला संगठन बन चुका है। चूंकि इस संगठन ने संयुक्त राष्ट्र संघ के अलावा यूरोपिय संघ, आसियान, कॉमनवेल्थ और इस्लामिक सहयोग संगठन से भी संबंध स्थापित किए हैं। इस नाते भारत की भूमिका और अधिक व्यापक हो जाती है। गौर करें तो अभी तक एससीओ पर चीन का वर्चस्व रहा है, लेकिन अब भारत की अर्थव्यवस्था चीन के मुकाबले तेजी से आगे बढ़ रही है। ऐसे में संगठन में भारत की भूमिका और स्वीकार्यता दोनों बढ़ी है। इस कारण चीन के व्यापक प्रभाव में कमी और दृष्टिकोण में बदलाव आ रहा है। संघाई सहयोग संगठन के इतिहास में जाएं तो अप्रैल, 1996 में शंघाई में हुई एक बैठक में चीन, रूस, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान और ताजिकिस्तान आपस में एक-दूसरे के नस्लीय और धार्मिक तनावों से निपटने के लिए सहयोग करने को राजी हुए। तब इस संगठन को शंघाई फाइव कहा गया। जून 2001 में चीन, रूस और चार मध्य एशियाई देशों कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान के नेताओं ने शंघाई संगठन सहयोग शुरू किया और धार्मिक चरमपंथ से निपटने के अलावा व्यापार व निवेश को बढ़ाने के लिए समझौता किया। शंघाई फाइव के साथ उज्बेकिस्तान के आने के बाद इस समूह को शंघाई सहयोग संगठन कहा गया। यह संगठन एक अंतरराष्ट्रीय संगठन है। इसका कार्यालय बीजिंग में है और क्षेत्रीय आतंकवाद विरोधी संरचना ताशकंद में है। राज्य प्रमुखों की परिषद इस संगठन का सर्वोच्च निकाय है जिसकी प्रतिवर्ष बैठक होती है। इसके अलावा शासन प्रमुखों की परिषद (एचजीसी) की वार्षिक बैठक होती है। शंघाई सहयोग संगठन में 2008 से डायलॉग पार्टनर यानी वार्ताकार सहयोग की व्यवस्था की गयी है। 2009 के शिखर सम्मेलन में सबसे पहले श्रीलंका और बेलारुस को डायलॉग पार्टनर का दर्जा दिया गया।

## बेहतर संबंधों की प्रतिबद्धता

अफगानिस्तान, शंघाई सहयोग संगठन-अफगानिस्तान कांटेक्ट ग्रुप का हिस्सा है और इस ग्रुप की स्थापना 2005 में की गयी थी। इस संगठन की शिखर बैठकों में संयुक्त राष्ट्र, सीआईएस, यूरेशियन इकोनॉमिक कम्युनिटी एवं सामूहिक सुरक्षा संधि संगठन यानी सीएसटीओ के प्रतिनिधि भी भाग लेते हैं। 2005 में कजाकिस्तान के आस्ताना में भारत के प्रतिनिधियों ने पहली बार शंघाई सहयोग संगठन के सम्मेलन में भाग लिया और सितंबर 2014 में एससीओ की सदस्यता के लिए आवेदन किया। भारत ने एससीओ की सदस्यता ग्रहण करने के बाद हर सम्मेलन में यूरेशियाई धरती के लोगों के साथ बेहतर संबंध बनाए रखने की प्रतिबद्धता दोहरायी। किंगदाओ सम्मेलन में भी भारत ने आतंकवाद पर सख्त संदेश देकर अपनी भावी-प्रभावी भूमिका स्पष्ट कर दी है।

# चीनी कुटिलता का जवाब जरूरी था



**एससीओ**
विकेश कुमार बडोला
स्वतंत्र पत्रकार

शंघाई सहयोग संगठन के सम्मेलन में पारित संयुक्त वक्तव्य में आतंक संबंधी भारत की चिंताओं को स्थान न मिलने और पहलगाम आतंकी घटना का उल्लेख न होने पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने वक्तव्य पर हस्ताक्षर नहीं किये। एससीओ देशों के रक्षा मंत्रियों के सम्मेलन के जो भी अंतिम एवं निर्णायक कार्यबिंदु निर्धारित किये गये थे, उनमें आतंक से पीड़ित भारत की व्यापक चिंताओं, वर्षों पुरानी समस्याओं और इस कारण शासन के सम्मुख उभरने वाली कठिनाइयों व चुनौतियों के बारे में कुछ भी वर्णित नहीं था।

स्वाभाविक था कि पहलगाम नरसंहार के ठीक दो माह बाद ही आयोजित इस सम्मेलन के अंतिम निष्कर्षजन्य प्रारूप में पहलगाम की घटना और इस आलोक में पाकिस्तानी आतंक को इंगित करने की दिशादृष्टि ही अदृश्य थी। राजनाथ सिंह के नेतृत्व में भारत ने किंचित उचित निर्णय लिया है जो एससीओ सम्मेलन की बैठक की निर्णायक नीतियों पर सहमति दर्शाने हेतु हस्ताक्षर नहीं किये। वास्तव में एससीओ का गठन 2001 में हुआ था। तब चीन की दक्षिण एशियाई और दक्षिणी यूरोपीय व्यावसायिक महत्वाकांक्षाओं की पूर्ति के लिए चीन के नेतृत्व में ही संघाई सहयोग संगठन की नींव रखी गई थी। भारत और पाकिस्तान तो इस संगठन के साथ ठीक 16 वर्ष बाद 2017 में जुड़े थे और 2023 में ईरान ने भी इसकी सदस्यता ग्रहण की थी।

## भारत की राह अभी सुगम नहीं

ऐसे में स्वाभाविक है कि आतंकवाद के संबंध में परस्पर संघर्षरत भारत व पाकिस्तान की हितों के अनुसार एससीओ की कार्यकारी नीतियां निर्धारित होने की राह अभी सुगम नहीं है। संगठन के साथ जुड़ने के वरिष्ठता क्रम में भारत व पाकिस्तान दोनों ही देश संगठन के शेष देशों से 16 वर्ष पीछे हैं। ऐसे में भारत के अनुरूप आतंकवाद संबंधी भारतीय चिंताओं को इस संस्था के सामूहिक नीतिगत उद्देश्यों में प्राथमिकता मिलना कठिन प्रतीत होता है। पाकिस्तान के लिए यह स्थिति सौभाग्य से अनुकूल है। एससीओ की स्थापना के 16 वर्ष तक जब भारत इसका सदस्य नहीं था, तब प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष किसी भी रूप में आतंकवाद इस संगठन की कार्यनीतियों, रणनीतियों और अन्य नीतियों के विषयों में सम्मिलित था ही नहीं। ऐसे में अब पहलगाम के आक्रोशजन्य वातावरण में एससीओ की, चीन के नेतृत्व में संचालित, चिर-परिचित व्यावसायिक नीतियों का अतिक्रमण कर आतंकवाद जैसा विषय प्राथमिकता के आधार पर भावी कार्यसूचियों में स्थान प्राप्त कर लेगा, ऐसा संभव तो नहीं लगता।

## भारत को नहीं दी गई वरीयता

सम्मेलन में यह देखने को भी मिला है कि राजनाथ सिंह के आक्रोश व रुष्टता को चीन के नेतृत्व में किसी भी देश ने विशेष वरीयता नहीं दी और अन्य देशों के रक्षा मंत्रियों ने भारतीय रक्षा मंत्री द्वारा सम्मेलन के संयुक्त वक्तव्य पर सहमतिपूर्ण हस्ताक्षर न किए जाने के संबंध में कोई विशेष चिंता प्रकट नहीं की। उनके व्यवहार




से ऐसा प्रतीत हुआ जैसे उन्हें इससे कोई लेना-देना नहीं है। हालांकि एससीओ की देर से सदस्यता प्राप्त करने वाला भारत आज विश्व की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था है और विश्व की दूसरी बड़ी अर्थव्यवस्था चीन तथा दक्षिणी यूरोप के प्रमुख देश रूस, इन दोनों के लिए शंघाई सहयोग संगठन में भारत की प्राथमिकताओं की उपेक्षा करते हुए अपने निर्धारित लक्ष्य प्राप्त करना किंचित सुगम नहीं होगा।

चूंकि भारत ने आर्थिक आधार पर विश्व के चौथे सबसे बड़े देश होने का गौरव प्राप्त कर लिया है तथा रक्षा-सुरक्षा की दृष्टि से भी पहलगाम के प्रतिशोध में पाकिस्तान के विरुद्ध आरंभ किये ऑपरेशन सिंदूर के अंतर्गत भारत ने अपनी नवोन्नत युद्धक तकनीकों, प्रौद्योगिकियों, पराक्रम को भी विश्वस्तरीय होने के रूप में सिद्ध किया है, अतएव एससीओ के किसी भी देश के लिए भारत की प्राथमिकताओं की उपेक्षा कर आगे बढ़ना संभव नहीं होगा। एकल रूप में, चीन और पाकिस्तान को छोड़कर, एससीओ के शेष सदस्य देश भारत की आतंकवाद संबंधी चिंताओं और सामूहिक रूप में इसके उन्मूलन की प्राथमिकताओं पर प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष सहमति प्रदान करते रहे हैं। ऐसी परिस्थितियों में जब भारत ने पाकिस्तान प्रायोजित आतंक के उन्मूलन के लिए ऑपरेशन सिंदूर जैसा युद्धक अभियान चलाकर पाकिस्तान के साथ अमेरिका और चीन की भी सामरिक हेकड़ी को लगाम लगाने में सफलता पाई है, तब एससीओ में चीन को अपनी पुरानी प्राथमिकताओं, हितों और रणनीतियों पर पुनर्विचार करने की आवश्यकता है। साथ ही पाकिस्तान को छोड़कर एससीओ के शेष सदस्य देशों को भी संगठन की कार्यनीतियों, रणनीतियों और कार्यक्रमों पर भारत की दिशादृष्टि के साथ सर्वथा एक नवदृष्टिकोण तैयार करना होगा, जिसके प्रभाव में भविष्य में एससीओ के सांगठनिक उद्देश्यों को भारत के मार्गदर्शन में एक उदार व समावेशी बोध के साथ प्राप्त किया जा सके। विश्व का कोई भी देश हो जब तक वह अन्य देश की किसी समस्या अथवा समस्याओं से स्वयं पीड़ित नहीं होता, तब तक वह पीड़ित देश की भांति समस्या के निदान हेतु विचारोत्तेजक व कार्यनीतिक दृष्टिबोध से संपन्न नहीं होता। आतंकवाद के संबंध में भारत ऐसा ही पीड़ित देश रहा है और एससीओ के शेष सदस्य देशों की चिंताएं कभी भी सामूहिक रूप में भारत के लिए समाधानमूलक नहीं बन सकी हैं।

शंघाई सहयोग संगठन संगठन का एक सदस्य देश पाकिस्तान, भारत के विरुद्ध आतंक का सिद्धदोषी प्रायोजक रहा है। इसी प्रकार दूसरा सदस्य देश ईरान भी मध्य पूर्व के क्षेत्र में अनेक आतंकी गुटों व समूहों को तैयार करवाकर क्षेत्रीय व राजनीतिक अस्थिरता उत्पन्न कराने का दोषी रहा है। रूस और चीन जैसे सदस्य देशों ने पाकिस्तान और ईरान और इनके आतंकी समूहों को अस्त्र-शस्त्र बेचने की अपनी व्यापारिक नीति को हमेशा से संरक्षित किया है।

## भारत का निर्णय स्वागत योग्य

भारत, जो एससीओ के सदस्य देशों में से एकमात्र ऐसा देश है जिसने दक्षिण एशिया में पाकिस्तान द्वारा फैलाये गये आतंक में सर्वाधिक जनधन की हानि उठाई है। इसीलिए, यदि भारत एससीओ का एक महत्वपूर्ण सदस्य है तो इसकी सामूहिक कार्ययोजनाओं में भारत की चिंताओं और आपत्तियों को वरीयता के क्रम में चिन्हित करते हुए उनके समयानुकूल समाधान की दिशा में सांगठनिक प्रयास होने अत्यंत आवश्यक हैं। इस हेतु रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का आक्रोश, आपत्ति और संगठन के संयुक्त वक्तव्य पर हस्ताक्षर न करने का निर्णय स्वागत योग्य है। यह भारत की विदेश नीति के सशक्त व सुदृढ़ पक्ष का एक उल्लेखनीय उदाहरण है। इस पर संकल्प के साथ डटे रहकर ही भारत अपने आर्थिक और सामरिक गौरव की रक्षा कर सकता है।

## खबर संक्षेप



### दीक्षा और वाणी जर्मन मास्टर्स में शीर्ष 10 में

**हैम्बर्ग (जर्मनी)।** भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर और वाणी कपूर यहां अमुंडी जर्मन मास्टर्स के दूसरे दौर के बाद संयुक्त आठवें स्थान के साथ शीर्ष 10 में शामिल हैं। दीक्षा दूसरे दौर में पार 73 का कार्ड खेलने के बाद शीर्ष पांच से संयुक्त आठवें स्थान पर खिसक गयी जबकि वाणी तीन अंडर 70 का कार्ड खेलकर इस पायदान पर पहुंची। टूर्नामेंट में भाग ले रही नौ भारतीयों में से वाणी और दीक्षा के अलावा सिर्फ अवनि प्रशांत ही कट में प्रवेश करने में सफल रही। अवनि एक ओवर 74 का कार्ड खेलने के बाद संयुक्त रूप से 43वें स्थान पर है। त्वेसा मलिक (74-76), स्नेहा सिंह (78-75), अमनदीप ड्राल (78-75), हिताशी बख्शी (79-81) और विधात्री उर्स (93-87) कट से चूक गईं जबकि नेहा त्रिपाठी पहले दौर के बाद रिटायर हो गई थी।

### बांग्लादेश व पाकिस्तान की टी-20 सीरीज में 20 जुलाई से होगी भिड़ंत

**ढाका।** बांग्लादेश क्रिकेट टीम को अगले महीने पाकिस्तान क्रिकेट टीम के खिलाफ टी-20 सीरीज की मेजबानी करनी है, जिसके लिए कार्यक्रम की घोषणा की गई है। 20 जुलाई से टी-20 सीरीज का पहला मैच खेला जाएगा। तीन मैचों की सीरीज के सभी मैच मीरपुर के शेर-ए-बांग्ला स्टेडियम में ही खेले जाएंगे। बता दें कि यह दोनों देशों के बीच इस साल दूसरी टी-20 सीरीज है। 16 जुलाई को बांग्लादेश पहुंचेगी पाकिस्तानी टीम
पीसीबी ने एक बयान में कहा, पाकिस्तान की पुरुष टीम अगले महीने 3 मैचों की द्विपक्षीय टी-20 सीरीज में भाग लेने के लिए बांग्लादेश की यात्रा करेगी। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने आज इसकी पुष्टि की।

### राही, मेहुली और नीरज राष्ट्रीय निशानेबाजी ट्रायल में शीर्ष पर



**देहरादून।** ओलंपियन राही सरनोबत, मिश्रित टीम राइफल एशियाई चैंपियन मेहुली घोष और नौसेना के नीरज कुमार शनिवार को यहां राष्ट्रीय चयन निशानेबाजी ट्रायल तीन और चार के अपने फाइनल में शीर्ष पर रहे।
महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल टी4 फाइनल में 2018 एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता राही सरनोबत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान हासिल किया। उन्होंने फाइनल में 40 हिट लगाए और महाराष्ट्र की अभिदन्या अशोक पाटिल से छह अंक आगे रहीं जिन्होंने 34 अंक बनाए। हरियाणा की विभूति भाटिया ने 27 अंक बनाकर पोडियम पर तीसरा स्थान हासिल किया। एयर राइफल में महिला खिलाड़ियों का प्रदर्शन
महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल में मेहुली ने 253.6 अंक बनाकर टी4 फाइनल जीता।

# इन मैदानों पर भारतीय टीम को मिली सिर्फ हार, टेस्ट जीतना अब तक नामुमकिन

एजेंसी ▶▶| लीड्स

भारतीय क्रिकेट टीम को इंग्लैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ सीरीज के पहले टेस्ट में हार मिली थी। अब शुभमन गिल की कप्तानी वाली टीम दूसरे टेस्ट में 2 जुलाई से एजबेस्टन के मैदान पर अपनी चुनौती पेश करेगी। दिलचस्प रूप से भारत ने एजबेस्टन के मैदान पर अब तक कोई टेस्ट नहीं जीता है। इस बीच उन मैदानों के बारे में जानते हैं, जिनमें भारत ने कोई टेस्ट नहीं जीता (कम से कम 6 टेस्ट खेलने के बावजूद) है।

### ओल्ड ट्रैफर्ड, मैनचेस्टर



भारत ने ओल्ड ट्रैफर्ड स्टेडियम में मेजबान इंग्लैंड के खिलाफ 9 टेस्ट खेले हैं, जिसमें से 4 में टीम को हार मिली है। इस बीच 5 टेस्ट ड्रॉ पर समाप्त हुए हैं। भारत का इस मैदान पर सर्वोच्च टीम स्कोर 432 रन है। भारतीय टीम के यहां पर सबसे कम स्कोर 58 रन है। इस मैदान पर भारत ने अपना आखिरी टेस्ट 2014 में महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में खेला था, जिसे मेजबान टीम ने जीता था।

### केंसिंग्टन ओवल, ब्रिजटाउन



भारतीय टीम को ब्रिजटाउन का केंसिंग्टन ओवल मैदान बिलकुल भी रास नहीं आता है। इस मैदान पर वेस्टइंडीज के खिलाफ भारतीय टीम ने 9 टेस्ट खेले हैं, जिसमें से 7 में शिकस्त झेली है। इस बीच उनके 2 टेस्ट ड्रॉ रहे हैं। भारत का इस मैदान पर सर्वोच्च टीम स्कोर 347 रन है। भारतीय टीम के यहां पर सबसे कम स्कोर 81 रन है। इस मैदान पर भारत ने अपना आखिरी टेस्ट 2011 में खेला, जो ड्रॉ रहा था।

### एजबेस्टन, बर्मिंघम



भारत ने एजबेस्टन में 8 टेस्ट (1967-2022) खेले, जिसमें से 7 में उन्हें हार मिली थी और सिर्फ 1 टेस्ट ड्रॉ पर समाप्त हुआ था। इस मैदान पर भारत का सर्वोच्च टीम स्कोर 416 रन रहा था। वहीं, सबसे कम स्कोर 92 रन रहा था। इस मैदान में भारत का इकलौता ड्रॉ 1986 में आया था। कपिल देव उस मुकाबले में भारतीय टीम की कप्तानी कर रहे थे।

### इन मैदानों पर भी नहीं जीत सकी भारतीय टीम

लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में भारत ने 7 टेस्ट खेले थे, जिसमें से 2 में टीम हारी और 7 मुकाबले ड्रॉ पर समाप्त हुए थे। कराची के नेशनल क्रिकेट स्टेडियम में भारत की जीत का खाता नहीं खुल सका था। इस मैदान पर भारत ने 6 मैच खेले, जिसमें 3 में शिकस्त झेली और इतने ही मैच ड्रॉ रहे। गुयाना के बौर्डा स्टेडियम में भारत ने 6 टेस्ट खेले और सभी ड्रॉ रहे थे।

## 19.60 की औसत से की गेंदबाजी, 46 मैचों में चटकाए 210 विकेट

# टेस्ट क्रिकेट की गेंदबाजी औसत में बुमराह भारत के नंबर 1 खिलाड़ी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टेस्ट क्रिकेट में किसी भी गेंदबाज की असली ताकत उसके औसत से पहचानी जाती है। भारत ने इस खेल को कई नामी गेंदबाज दिए हैं, लेकिन जब बात सबसे कम औसत की होती है, तो सिर्फ आंकड़े बोलते हैं। अभी भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ 5 मैचों की टेस्ट सीरीज खेल रही है। आइए इस बीच 200 से ज्यादा विकेट लेने वाले उन भारतीय गेंदबाजों पर नजर डालते हैं, जिनकी औसत सबसे शानदार है।

### जसप्रीत बुमराह

**(19.60 की औसत)**

पहले स्थान पर भारत के प्रमुख तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह हैं। साल 2018 में टेस्ट डेब्यू करने वाले इस गेंदबाज की औसत 19.60 की है। वे भारत के एकमात्र गेंदबाज हैं, जिन्होंने 200 से अधिक विकेट लिए हैं और जिनकी गेंदबाजी औसत 20 से कम है। बुमराह ने 46 मैचों की 88 पारियों में अब तक 210 विकेट हासिल किए हैं। उन्होंने 14 बार 5 विकेट हॉल लिए हैं। उनका टेस्ट क्रिकेट में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 6/27 का रहा है।



### मोहम्मद शमी (27.71 की औसत)

भारतीय टीम के एक और स्टार तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी इस सूची में चौथे स्थान पर हैं। उन्होंने अपने टेस्ट करियर में 64 मुकाबले खेले हैं और इस दौरान उनकी औसत 27.71 की रही है। उन्होंने 122 पारियों में 229 विकेट चटकाए हैं। शमी ने 6 बार 5 विकेट हॉल लिए हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन 6/56 का रहा है। अभी यह खिलाड़ी चोटिल होने के कारण टेस्ट टीम से बाहर चल रहा है।

### रविचंद्रन अश्विन

**(24 की औसत)**



टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले चुके भारत के पूर्व अनुभवी स्पिन गेंदबाज रविचंद्रन अश्विन इस सूची में दूसरे स्थान पर हैं। उन्होंने भारत के लिए 106 टेस्ट मैच खेले और इस दौरान उनका गेंदबाजी औसत सिर्फ 24 की रही। अश्विन ने अपने करियर में 37 बार 5 विकेट हॉल लिए। उन्होंने 200 पारियों में कुल 537 विकेट प्राप्त किए और उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 7/59 का रहा। अश्विन ने पहला टेस्ट साल 2011 में और अंतिम टेस्ट 2024 में खेला था।

### रविंद्र जडेजा

**(24.59 की औसत)**

भारत के हरफनमौला खिलाड़ी रविंद्र जडेजा इस सूची में तीसरे स्थान पर हैं। उन्होंने अब तक 81 टेस्ट मैचों में भाग लिया है और उनकी गेंदबाजी औसत 24.59 की रही है। जडेजा ने 152 पारियों में कुल 324 विकेट प्राप्त किए हैं। उन्होंने 15 बार एक पारी में 5 या उससे अधिक विकेट लिए हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन 7/42 का रहा है। इस खिलाड़ी ने अपना पहला टेस्ट मैच साल 2012 में खेला था।

## क्रिकेट

# हेजलवुड के पांच विकेट से ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को तीन दिन में हराया



एजेंसी ▶▶| ब्रिजटाउन

आस्ट्रेलिया ने जोश हेजलवुड के पांच विकेट की मदद से वेस्टइंडीज को 141 रन पर आउट करके पहला टेस्ट तीसरे दिन के भीतर ही 159 रन से जीत लिया। वेस्टइंडीज को कठिन पिच पर जीत के लिये 301 रन का लक्ष्य मिला था लेकिन पूरी टीम 33.4 ओवर में आउट हो गई।

हेजलवुड ने 12 ओवर में 43 रन देकर पांच विकेट लिये। तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला का दूसरा टेस्ट अगले बृहस्पतिवार से सेंट जॉर्ज, ग्रेनाडा में खेला जायेगा।वेस्टइंडीज ने आठ विकेट 86 रन पर ही गंवा दिये थे लेकिन हरफनमौला जस्टिन ग्रीवेस और दसवें नंबर के बल्लेबाज शामार जोसेफ ने नौवे विकेट के लिये 55 रन की साझेदारी की । ग्रीव्स 38 रन बनाकर नाबाद रहे जबकि जोसेफ ने कैरियर की सर्वश्रेष्ठ 44 रन की पारी खेली जिसमें चार छक्के शामिल थे।

### तीसरे दिन ऑस्ट्रेलिया ने दिखाया दम

आस्ट्रेलिया ने चार विकेट पर 92 रन से आगे खेलना शुरू किया था। ट्रेविस हेड (61), ब्यू वेबस्टर (63) और एलेक्स कैरी (65) ने अर्धशतक लगाकर टीम को 310 रन तक पहुंचाया और उसे 300 रन की बढ़त मिली। इससे पहले आस्ट्रेलिया के पहली पारी के 180 रन के जवाब में वेस्टइंडीज ने 190 रन बनाये थे।

### जूनियर हॉकी विश्व कप ड्रॉ में भारत, पाकिस्तान पूल बी में

**लुसाने (स्विट्जरलैंड)।** मेजबान भारत को शनिवार को एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप के पूल बी में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान, चिली और स्विट्जरलैंड के साथ रखा गया है जिसका आयोजन इस साल 28 नवंबर से 10 दिसंबर तक चेन्नई और मदुरै में किया जाएगा। टूर्नामेंट के लिए ड्रॉ समारोह यहां एफआईएच मुख्यालय में आयोजित किया गया। इस चरण में पहली बार 24 टीमें भाग लेंगी।

# तन्वी, आयुष शेट्टी अमेरिकी ओपन के सेमीफाइनल में



एजेंसी ▶▶| लोवा (अमेरिका)

भारत की प्रतिभाशाली खिलाड़ी तन्वी शर्मा और आयुष शेट्टी ने अमेरिकी ओपन बैडमिंटन सुपर 300 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। सोलह वर्ष की तन्वी ने 33 मिनट के भीतर मलेशिया की ऊंची रैंकिंग वाली प्रतिद्वंद्वी कारूपाथेवन लेतशाना को 21-13, 21-16 से हराया। आयुष ने जूनियर विश्व चैम्पियन चीनी ताइपै के कुओ कुआन लिन को 22-20, 21-9 से हराया।

### पुरुष खिलाड़ियों का प्रदर्शन

पुरूष युगल में हरिहरन अम्साकारूनन और रूबान कुमार आर को क्वार्टर फाइनल में चीनी ताइपे के चियांग चियेन और वेइ वू सुआन यि ने 21-9, 21-19 से मात दी। तन्वी का सामना अब यूक्रेन की पोलिना बुहरोवा से होगा जबकि आयुष की टक्कर शीर्ष वरीयता प्राप्त चीनी ताइपे के चोउ तियेन चेन से होगी।

# विवाद के बावजूद कोको गॉफ सबालेंका का टिकटॉक डांस



**नई दिल्ली।** फ्रेंच ओपन 2025 फाइनल में कांटे की टक्कर के बाद अब कोको गॉफ और आर्यना सबालेंका का एक नया और फ्रेंडली अवतार देखने को मिला। वर्ल्ड नंबर 1 और 2 की ये जोड़ी विंबलडन 2025 से पहले कोर्ट के बाहर एक साथ डांस करती नजर आई। दोनों ने साथ में एक मजेदार टिकटॉक वीडियो शूट किया, जिसे खुद सबालेंका ने अपने इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया। बता दें कि फ्रेंच ओपन 2025 फाइनल में हारने के बाद सबालेंका ने गॉफ के खिलाफ एक विवादास्पद बयान दिया था, जिसमें उन्होंने कहा था कि कोको गॉफ सिर्फ मेरी गलतियों की वजह से जीती। हालांकि अब लगता है कि सबालेंका ने अपनी गलती समझ ली है। फैंस ने भी इस बदलाव को पॉजिटिव बताया और खिलाड़ियों की समझदारी की तारीफ की।

# मंधाना का पहला टी20 शतक, श्री चरणी के चार विकेट, भारत 97 रन से जीता

एजेंसी ▶▶| नॉटिंघम

कार्यवाहक कप्तान स्मृति मंधाना (112) के पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय शतक के बाद पदार्पण करने वाली स्पिनर श्री चरणी (12 रन देकर चार विकेट) की शानदार गेंदबाजी की बदौलत भारतीय महिला टीम ने शनिवार को यहां पहले मैच में इंग्लैंड को 97 रन से हराकर पांच मैचों की श्रृंखला में 1-0 से बढ़त हासिल की। यह महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय में इंग्लैंड की सबसे बड़ी हार है। मंधाना इस तरह हर प्रारूप में शतक जड़ने वाली भारत की पहली महिला खिलाड़ी बन गईं। उनकी यह पारी टी20 अंतरराष्ट्रीय में भारत की सर्वश्रेष्ठ पारी है। मंधाना ने इस तरह हरमनप्रीत कौर की 103 रन की पारी को पीछे छोड़ दिया। शुरू से ही आक्रामक रवैया अख्तियार करने वाली मंधाना की 15 चौके और तीन छक्के जड़ित 62 गेंद की पारी की बदौलत भारत ने पांच विकेट पर 210 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। यह इंग्लैंड में भारतीय महिला टीम का टी-20 अंतरराष्ट्रीय में सर्वोच्च स्कोर भी है। भारतीय गेंदबाजों ने इंग्लैंड की टीम को शुरू से ही दबाव में ला दिया और पावरप्ले तक उसके तीन विकेट झटक लिए। कप्तान नैट साइवर ब्रंट (66 रन) के अर्धशतक के बावजूद मेजबान टीम 14.5 ओवर में 113 रन ही बना सकी। बाएं हाथ की स्पिनर श्री चरणी ने एलिस कैप्से के रूप में अपना पहला टी20 अंतरराष्ट्रीय विकेट हासिल किया। इस 20 साल की गेंदबाज ने 3.5 ओवर में 12 रन देकर चार विकेट झटके।

MINISTRY OF MICRO, SMALL & MEDIUM ENTERPRISES
GOVERNMENT OF INDIA
CFTI
एम.एस.एम.ई. – प्रौद्योगिकी विकास केन्द्र
केन्द्रीय पादुका प्रशिक्षण संस्थान
(सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार)
सी–41 व 42,साईट–सी, औद्योगिक क्षेत्र, सिकन्दरा, आगरा–282007
CFTI
सीएफटीआई, आगरा, अलग-अलग प्रशिक्षण कार्यक्रम व क्रियाकलाप के माध्यम से पादुका एवं सम्बन्धित उद्योगों के लिए मानव संसाधन का विकास करता आ रहा है।
रोजगार परक पाठ्यक्रमों के लिए प्रवेश सूचना
1. TECHNICAL MANAGER - FOOTWEAR TECHNOLOGY - (1.5 Years)
2. ADVANCE DIPLOMA IN - FOOTWEAR MANUFACTURE & DESIGN (2 Years)
• Jr. Technical Supervisor - Footwear Design & Manufacturing - 1st Year
• Technical Supervisor - Footwear Design & Manufacturing - 2nd Year
सीमित सीटें
3. MASTER TECHNICIAN - FOOTWEAR DESIGN & PRODUCT DEVELOPMENT - (1 Year)
4. TECHNICIAN - FOOTWEAR MANUFACTURING - (1 Year)
5. JUNIOR TECHNICIAN - FOOTWEAR DESIGN & PRODUCTION - (6 Months)
6. CERTIFICATE IN "SHOE CAD" AND DIGITAL "3D DESIGN & ENGINEERING- SHOEMASTER" -(4 Months)
7. SPECIALISED CAPSULE COURSE : *Shoe Making Orientation Training Programme (3Months)*
(For those who want to do complete course in short period), Min. Batch Size-10 Nos.
8. WEEKEND COURSE :*Manual Designing or CAD Engineering (4 Months - 2 days in a week)*
(For those who are working and want to do CAD course), Min. Batch Size-10 Nos.
नोट –क्रमांक 01 से 05 तक SC/ST अभ्यर्थियों से शिक्षण शुल्क देय नहीं है
प्रवेश प्रक्रियाः– काउंसलिंग /साक्षात्कार द्वारा पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर।
पाठ्यक्रम प्रारम्भ होने की तिथि – 01 सितम्बर 2025
Scan QR code for Prospectus
Scan QR code for Apply Online
अधिक जानकारी के लिए कृपया संस्थान की वेबसाइट को देखें
सम्पर्क करें: 9411204684, 9411029121, 7017204375
Ph: 0562-2642005
E-Mail: info@cftiagra.org.in
CFTI, AGRA
Fax: 0562-2640502
Website: www.cftiagra.org.in

## जिम्बाब्वे, दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के बीच मुकाबला 14 से

# त्रिकोणीय सीरीज के लिए न्यूजीलैंड की टी20 टीम घोषित

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

जिम्बाब्वे और दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के खिलाफ 14 जुलाई से शुरू होने वाली त्रिकोणीय टी-20 सीरीज के लिए न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम का ऐलान किया गया है। मिचेल सैंटनर की कप्तानी वाली टीम में एडम मिल्ने और मैट हेनरी की वापसी हुई है। श्रीलंका के खिलाफ पिछली सीरीज में हिस्सा लेने वाले अनकैप्ड बल्लेबाज बेवोन जैकब्स ने टीम में अपनी जगह बरकरार रखी है। हालांकि, केन विलियमसन के लिए कोई जगह नहीं है। विलियमसन ने खुद को इस दौरे के लिए अनुपलब्ध बताया है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, वह वर्तमान में मिडिलसेक्स के साथ एक डील के तहत जुड़े हुए हैं, जिसमें हंड्रेड में लंदन स्पिरिट के लिए खेलना भी शामिल है।

### ये प्रमुख खिलाड़ी नहीं हैं उपलब्ध



टी-20 त्रिकोणीय सीरीज के लिए न्यूजीलैंड की टीम में कई अहम खिलाड़ी नहीं हैं। तेज गेंदबाज बेन सीयर्स चोट के कारण बाहर हैं, जबकि लॉकी फर्ग्यूसन के वर्कलोड को ध्यान में रखते हुए आराम दिया गया है। काइल जैमीसन भी इस दौरे के लिए उपलब्ध नहीं हैं।

### ऐसी है न्यूजीलैंड की टीम

न्यूजीलैंड की टीमः मिचेल सैंटनर (कप्तान), फिन एलन, माइकल ब्रेसवेल, मार्क चैपमैन, जैकब डफी, जैक फाउल्केस, मैट हेनरी, बेवॉन जैकब्स, एडम मिल्ने, डेरिल मिचेल, विल ओरुके, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रविंद्र, टिम सेफर्ट और ईश सोढ़ी।

### टीम को लेकर बोले कोच रॉब वाल्टर

आगामी दौरे के साथ टीम के नए कोच रॉब वाल्टर के कार्यकाल की भी शुरुआत हो जाएगी। उन्होंने अपने पहले दौरे के लिए उत्सुकता व्यक्त की। वाल्टर ने टीम पर भरोसा जताते हुए कहा, मुझे लगता है कि इस दौरे के लिए हमारे पास वास्तव में एक मजबूत टीम है और मैं टीम को एक साथ लाने और काम पर लगने के लिए उत्सुक हूं। हमारे पास टीम में कुछ अच्छे अनुभवी खिलाड़ी मौजूद हैं।

### 14 जुलाई से शुरू होगी त्रिकोणीय सीरीज

इस त्रिकोणीय सीरीज के सभी मैच हरारे में खेले जाएंगे। सीरीज का फाइनल 26 जुलाई को खेला जाएगा। 14 जुलाई, जिम्बाब्वे बनाम दक्षिण अफ्रीका। 16 जुलाई, दक्षिण अफ्रीका बनाम न्यूजीलैंड। 18 जुलाई, जिम्बाब्वे बनाम न्यूजीलैंड। 20 जुलाई, जिम्बाब्वे बनाम दक्षिण अफ्रीका। 22 जुलाई, न्यूजीलैंड बनाम दक्षिण अफ्रीका। 24 जुलाई, जिम्बाब्वे बनाम न्यूजीलैंड। 26 जुलाई, टीबीसी बनाम टीबीसी, फाइनल, हरारे स्पोर्ट्स क्लब।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25

## खबर संक्षेप

### सैम ऑल्टमैन बोले- कबाड़ हैं सभी लैपटॉप-कंप्यूटर



**वॉशिंगटन।** ओपनएआई के सीईओ सैम आल्टमैन के हिसाब से मौजूदा कंप्यूटर, सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर एआई के पहले के दौर के हिसाब से डिजाइन किए गए थे। अब उनका दौर जा चुका है यानी कि अब ये कबाड़ हो चुके हैं। हालांकि अब दुनिया ऐसे डिवाइसेज की तरफ बढ़ रही है जो अधिक जागरुक, अधिक व्यक्तिगत और पर्यावरण को लेकर अधिक संवेदनशील सिस्टम हैं जिनका काम सिर्फ कंप्यूट करना नहीं बल्कि यूजर्स के आस-पास के माहौल, जरूरतों और व्यवहार को समझकर प्रतिक्रिया देना है।

### फ्रांस में सिगरेट पीने पर पाबंदी, 13 हजार का जुर्माना



**पेरिस।** फ्रांस ने 29 जून से पब्लिक प्लेस पर सिगरेट पीने पर पूरी तरह से रोक लगा दी है। सरकार के नए नियम के अनुसार, लाइब्रेरी, स्विमिंग पूल और स्कूलों के बाहर भी धूम्रपान नहीं करना होगा। यह नियम पहले 1 जुलाई से लागू होने वाला था, लेकिन अब इसे 29 जून से लागू कर दिया गया है। यह कदम बच्चों को सिगरेट के धुएं से बचाने के लिए उठाया गया है। अगर कोई इस नियम को तोड़ेगा, तो उसे 135 यूरो (लगभग 13,517 रुपए) का जुर्माना देना पड़ सकता है।

## गृहमंत्री अमित शाह ने कहा- हर नागरिक के लिए गर्व का क्षण होगा

# वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स 2029 में पहली बार 'भारत' में होंगे



- भारत की खेल अवसंरचना की मिली वैश्विक मान्यता
- भारत ने इन खेलों के 8 बार भाग लेकर 1400 पदक जीते

*केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि भारत को 2029 के संस्करण की मेजबानी मिलना न केवल देश की खेल क्षमताओं का प्रमाण है, बल्कि यह पुलिस और आपातकालीन सेवाओं से जुड़े कर्मचारियों के समर्पण और कौशल को भी वैश्विक मंच पर प्रदर्शित करने का सुनहरा अवसर प्रदान करेगा*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत पहली बार 2029 में प्रतिष्ठित वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स (विश्व पुलिस एवं अग्निशमन खेलों) की मेजबानी करेगा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भारत को मिली इन खेलों की मेजबानी को प्रत्येक नागरिक के लिए गर्व की बात करार दिया है। गुजरात के अहमदाबाद को इन खेलों का आयोजन होगा। वर्ष 1985 से विश्व पुलिस एवं अग्निशमन खेल हर दो वर्ष में एक बार आयोजित किए जाते हैं।

अपने 'एक्स' पोस्ट में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे हर भारतीय के लिए गर्व का क्षण बताया है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत में विकसित विशाल खेल अवसंरचना की वैश्विक मान्यता है। अहमदाबाद को इस आयोजन का स्थल चुना जाना इसे अंतरराष्ट्रीय खेल मानचित्र पर स्थापित करता है। उन्होंने कहा कि भारत को 2029 के संस्करण की मेजबानी मिलना न केवल देश की खेल क्षमताओं का प्रमाण है, बल्कि यह पुलिस और आपातकालीन सेवाओं से जुड़े कर्मचारियों के समर्पण और कौशल को भी वैश्विक मंच पर प्रदर्शित करने का सुनहरा अवसर प्रदान करेगा।

### ऑल इंडिया पुलिस गेम्स से होगा चयन

*वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स के लिए भारतीय टीम का चयन सालाना ऑल इंडिया पुलिस गेम्स के दौरान खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर किया जाता है। देश में पुलिस खेलों का संचालन ऑल इंडिया पुलिस स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड करता है, जिसके अंतर्गत 53 सदस्य संगठन हैं, जिनमें केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल, राज्य पुलिस बल और अन्य सुरक्षा एजेंसियां शामिल हैं। यह बोर्ड हर वर्ष 40 राष्ट्रीय स्तर के पुलिस खेल आयोजन करता है, और इनमें से हर खेल के स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय टीम के लिए चुना जाता है।*

### 1985 में हुई थी शुरुआत

वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स एक द्विवर्षीय (हर दो साल में) आयोजन है जिसकी शुरुआत 1985 में हुई थी। अब तक इसके 20 संस्करण हो चुके हैं, जिनमें से अमेरिका में 8 बार, कनाडा में 5 बार, यूरोप में 4 बार, ब्रिटेन में 2 बार और चीन में 1 बार यह आयोजन हुआ है। ये खेल पुलिस, अग्निशमन, आपात, आपदा सेवाओं और घटना के वक्त सबसे पहले प्रतिक्रिया देने वाले सेवारत और सेवानिवृत्त कर्मियों के लिए हैं।

### भारत की भागीदारी और उपलब्धियां

*भारतीय पुलिस की टीम ने पहली बार 2007 में एडिलेड में आयोजित वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स में भाग लिया था। तब से लेकर अब तक भारत ने इन खेलों के 8 संस्करणों में भाग लेकर कुल 1400 से अधिक पदक जीते हैं। सबसे हालिया 20वें संस्करण का आयोजन 26 जुलाई से 6 अगस्त 2023 के बीच कनाडा के विनिपेग में हुआ था, जिसमें भारतीय पुलिस के 133 खिलाड़ियों ने हिस्सा लेकर 343 पदक जीते जिनमें 224 स्वर्ण, 82 रजत और 37 कांस्य पदक शामिल हैं। यह भारतीय दल के लिए अब तक का सबसे बेहतरीन प्रदर्शन था। इन खेलों में पुलिस, अग्निशमन और आपदा सेवाओं के कर्मी 50 से अधिक खेल विधाओं में प्रतिस्पर्धा करेंगे।*

### वर्ष 2047 तक भारत को विश्व गुरु बनाएं

*केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने युवाओं से 2047 तक भारत को हर क्षेत्र में विश्व गुरु बनाने का संकल्प लेने का आह्वान किया। वर्ष 2047 में भारत की स्वतंत्रता के 100 वर्ष पूरे होंगे। शाह ने भारत के स्वतंत्रता संग्राम में आदिवासी नेता गोविंद गुरु के योगदान को भी याद किया और कहा कि उन्होंने ब्रिटिश शासन के दौरान क्षेत्र के लोगों की अंतरात्मा को जगाया। शाह, शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस कार्यक्रम में गुजरात के पंचमहल जिले में गोधरा के पास विंजोल में श्री गोविंद गुरु विश्वविद्यालय के लिए 125 करोड़ रुपए की लागत वाली विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया गया। शाह ने गोविंद गुरु को भारत के स्वतंत्रता संग्राम का नायक बताते हुए कहा कि अंग्रेजों के खिलाफ उस संघर्ष में करीब 1,512 आदिवासी भाई-बहन शहीद हुए और गुजरात में मानगढ़ भारत की आजादी की लड़ाई के इतिहास में एक महत्वपूर्ण स्थान बन गया।*

## पाक सेना पर आत्मघाती हमला

# 16 सैनिकों की मौत, 6 बच्चों सहित 25 घायल

- विस्फोटक से लदे वाहन को सैन्य काफिले में टक्कर मारी
- खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के उत्तरी वजीरिस्तान जिले की घटना



ब्लास्ट के बाद सुरक्षाबल जांच करते हुए

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

पाकिस्तान में खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के उत्तरी वजीरिस्तान जिले के खड्डी इलाके में शनिवार को एक आत्मघाती हमला हुआ। इसकी चपेट में आने से 16 सैनिकों की मौत हो गई और 25 लोग घायल हैं, जिनमें सैन्यकर्मी और नागरिक दोनों शामिल हैं। एक स्थानीय सरकारी अधिकारी ने बताया कि आत्मघाती हमलावर ने विस्फोटक से लदे वाहन को बम-रोधी इकाई के एक सैन्य वाहन काफिले में टक्कर मार दी। इससे 16 सैनिकों की जान चली गई और 6 सैन्यकर्मी व 19 नागरिक घायल हो गए।

### हाल का सबसे बड़ा हमला

खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान दोनों में सरकार से लड़ने वाले सशस्त्र समूहों द्वारा वर्ष की शुरुआत से अब तक लगभग 290 लोग, जिनमें ज्यादातर सुरक्षा अधिकारी हैं, मारे गए हैं। घटना के समय सैन्य आवाजाही के कारण इलाके में कर्फ्यू लगाया गया था।

### भारत ने किया खारिज

पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के वजीरिस्तान इलाके में हुए आत्मघाती हमले के लिए भारत को दोषी ठहराने की पाक की कोशिशों को नयी दिल्ली ने शनिवार रात सिरे से खारिज कर दिया।

### उसुद अल-हरब ने ली जिम्मेदारी

इस हमले की जिम्मेदारी हाफिज गुल बहादुर सशस्त्र समूह से जुड़े आतंकवादी समूह उसुद अल-हरब ने ली है, जो पाकिस्तान तालिबान का एक गुट है। 2021 में काबुल में तालिबान के सत्ता में लौटने के बाद से पाकिस्तान ने अफगानिस्तान की सीमा से लगे अपने क्षेत्रों में हिंसा में तेज वृद्धि देखी है।

## ट्रंप बोले- एक हफ्ते के भीतर सीजफायर संभव, बात की है, इजराइल और हमास के बीच होगा युद्धविराम



**वॉशिंगटन डीसी (एजेंसी)।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गाजा में इजराइल और हमास के बीच युद्ध खत्म करवाने के संकेत दिए हैं। उन्होंने व्हाइट हाउस स्थित प्रेसिडेंट के ऑफिस ओवल ऑफिस में शुक्रवार को पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि हमें लगता है कि अगले हफ्ते के भीतर सीजफायर हो जाएगा। मैंने सीजफायर कराने की कोशिश में शामिल कुछ लोगों से बात की है। मुझे लगता है कि यह बहुत करीब है। ट्रंप ने कहा कि गाजा में सीजफायर और बंधकों की रिहाई तक ही बात नहीं रुकनी चाहिए, बल्कि जंग को पूरी तरह खत्म किया जाए। बता दें, गाजा में 21 महीने से जंग, 56 हजार फिलिस्तीनियों की मौत हमास-इजराइल के बीच 21 महीने से संघर्ष जारी है। हमास ने 7 अक्टूबर 2023 को इजराइल पर हमला कर दिया था। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने 10 जून को इजराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू से फोन पर बातचीत की थी। इस दौरान ट्रंप ने नेतन्याहू से गाजा में जंग को खत्म करने के लिए कहा था। ट्रंप ने कहा कि गाजा में सीजफायर और बंधकों की रिहाई तक ही बात नहीं रुकनी चाहिए, बल्कि जंग को पूरी तरह खत्म किया जाए। ट्रंप ने कहा कि जंग रुकने से ईरान और सऊदी अरब के साथ चल रही बातचीत में मदद मिलेगी। इजराइली रक्षा बल ने शुक्रवार रात को मध्य गाजा के नागरिकों को तुरंत इलाका खाली करने की चेतावनी जारी की।

## पुतिन ने लगाया पश्चिमी देशों पर रूस में अलगाववाद को बढ़ावा देने का आरोप



**मॉस्को (भाषा)।** राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने पश्चिमी देशों पर रूस में अलगाववाद को बढ़ावा देने का आरोप लगाया है। पुतिन ने शुक्रवार को बेलारूस की राजधानी मिंस्क में कहा कि जब तक इस्लामिक स्टेट (आईएस) रूस के खिलाफ काम करता रहा, तब तक किसी ने भी उस पर (आईएस पर) ध्यान नहीं दिया। मॉस्को में धमाकों जैसी घटनाएं आज भी हो रही हैं, लेकिन कोई इस पर ध्यान नहीं दे रहा। सब ठीक है, जब तक यह रूस के खिलाफ होता है।" उन्होंने कहा, "ऐसा ही तब हुआ जब सामूहिक रूप से पश्चिम ने हमारे देश में अलगाववाद को बढ़ावा दिया तथा रूस के खिलाफ लड़ाई में आतंकवाद जैसे हथियार का इस्तेमाल किया।

## पाक ने जम्मू कश्मीर जलविद्युत परियोजनाओं पर मध्यस्थता न्यायालय के निर्णय का स्वागत किया

**इस्लामाबादन (भाषा)।** पाकिस्तान ने जम्मू कश्मीर में दो जलविद्युत परियोजनाओं पर हेग स्थित मध्यस्थता न्यायालय के फैसले का स्वागत किया और सिंधु जल संधि से संबंधित मुद्दों पर भारत के साथ बातचीत के लिए इच्छुक होने का संकेत दिया। पाकिस्तान ने शनिवार को जारी एक बयान में कहा कि इस समय "उच्च प्राथमिकता" यह है कि "भारत और पाकिस्तान सिंधु जल संधि (आईडब्ल्यूटी) से जुड़े मुद्दे को हल करने सहित एक सार्थक वार्ता का रास्ता तलाशें।"भारत ने शुक्रवार को इस फैसले को यह कहते हुए सिरे से खारिज कर दिया था कि उसने पाकिस्तान के साथ विवाद समाधान के तथाकथित ढांचे को कभी मान्यता नहीं दी है। नई दिल्ली में, विदेश मंत्रालय ने किशनगंगा और रतले जलविद्युत परियोजनाओं पर पाकिस्तान की आपत्तियों से संबंधित मामले में फैसले का जिक्र करते हुए कहा कि भारत इस तथाकथित "पूरक निर्णय" को खारिज करता है। अपने फैसले में मध्यस्थता न्यायालय ने कहा कि अप्रैल में सिंधु जल संधि को निलंबित करने का भारत का निर्णय, विवाद पर उसके निर्णय लेने की शक्ति को सीमित नहीं करता है तथा उसका फैसला सभी पक्षों पर बाध्यकारी है। हालांकि, भारत ने मध्यस्थता न्यायालय की कार्यवाही को कभी मान्यता नहीं दी, क्योंकि पाकिस्तान ने सिंधु जल संधि के प्रावधानों के तहत दोनों परियोजनाओं की डिजाइन पर आपत्ति जताई थी।

